राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 › अंक -26 रायपुर बुधवार 17 जनवरी 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई में राम मंदिर में सफाई कार्य में भाग लिया था।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने मुंबई के मुंबादेवी मंदिर में साफसफाई की

## वीरभद्र मंदिर में पीएम मोदी ने की पूजा, रंगनाथ रामायण की चौपाइयां सुनीं और भजन भी गाया



**एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लेपाक्षी में वीरभद्र मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। इसके साथ ही पीएम मोदी ने वीरभद्र मंदिर में रंगनाथ रामायण की चौपाइयां सुनीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर में 'श्री राम जय राम' भजन भी गाया। मिली जानकारी के अनुसार, पीएम मोदी ने लेपाक्षी स्थित वीरभद्र मंदिर में 'श्री राम जय राम' भजन सुनाया। पीएम मोदी ने आज आंध्र प्रदेश के लेपाक्षी में वीरभद्र मंदिर का दौरा किया, जिसका रामायण में महत्वपूर्ण महत्व है। यहीं पर जटायु और रावण का युद्ध हुआ था रामायण में लेपाक्षी का ऐतिहासिक महत्व है। यहां माना जाता है कि देवी सीता के अपहरण के दौरान रावण द्वारा घायल पक्षी जटायु, एक भयंकर युद्ध के बाद इसी स्थान पर गिर गए थे। मरते हुए जटायु को मोक्ष प्रदान करते हुए, भगवान राम को उन्होंने सीता को रावण द्वारा दक्षिण की ओर ले जाने के बारे में बताया गया था।

# प्रभु श्रीराम सुशासन के प्रतीक : मोदी

### रामराज का विचार ही सच्चा लोकतंत्र : मोदी

**एजेंसी।.**

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज कल पूरा देश राममय है, रामभक्ति में सराबोर है, लेकिन प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार, उनकी प्रेरणा, आस्थाज भक्ति के दायरे से कहीं ज्यादा है. वे आंध्र प्रदेश के श्री सत्यसाई जिले के पलासमुद्रम में एक जनसबा को संबोधित कर रहे थे. यहां राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा, प्रभु राम शासन के, सामाजिक जीवन में सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं, जो आपके संस्थान के लिए भी बहुत बड़ी प्रेरणा बन सकते हैं.

### रंगनाथ रामायण सुनने का अवसर मिला प्रधानमंत्री मोदी को

**पीएम मोदी ने अपने संबोधन में वीरभद्र मंदिर जाने का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा, यहां आने से पहले पवित्र लेपाक्षी में वीरभद्र मंदिर जाने का सौभाग्य मिला है, मंदिर में मुझे रंगनाथ रामायण सुनने का अवसर मिला, मैंने वहां भजन कीर्तन में भी हिस्सा लिया. आप जानते हैं, अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व मेरा 11 दिन का अनुष्ठान चल रहा है. ऐसी पुण्य अवधि में यहां ईश्वर से साक्षात आशीर्वाद पाकर मैं धन्य हो गया.**



इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, एनएसीआईएन को भारत को व्यापार और वाणिज्य के लिए एक आधुनिक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना चाहिए. इसे भारत को वैश्विक व्यापार के लिए एक महत्वपूर्ण भागीदार बनाने और कर, सीमा शुल्क और नशीले पदार्थों के माध्यम से व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाना चाहिए.÷ उन्होंने कहा, ÷अतीत में हमारे यहां प्रोजेक्ट्स को अटकाने, लटकाने और भटकाने की प्रवृत्ति रही है, जिस कारण से देश को बहुत नुकसान हुआ है. बीते 10 वर्षों में हमारी सरकार ने लागत का ध्यान रखा है और योजनाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया है.÷

पीएम मोदी ने आगे कहा, ÷पिछले 10 वर्षों में गरीब, किसान, महिला व युवाज इन सबको हमने सशक्त किया है. हमारी योजनाओं के केंद्र में वही लोग सर्वोपरि रहे हैं, जो वंचित थे, शोषित थे, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े थे.÷ उन्होंने कहा, ÷नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक हमारी सरकार के पिछले 9 वर्षों के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं. जिस देश में दशकों तक गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते रहे, उस देश में सिर्फ 9 वर्ष में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना ऐतिहासिक है।

# केरल में मोदी का रोड शो, लोगों ने फूल बरसाए

**एजेंसी।**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिवसीय दौरे पर केरल में है. केरल पहुंचने पर मंगलवार शाम को प्रधानमंत्री ने एर्नाकुलम में भव्य रोड शो किया. जिस रोड शो में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर प्रधानमंत्री का जय-जयकार के साथ फूल बरसा कर स्वागत किया. वहीं इससे पहले प्रधानमंत्री आज दिन में आन्ध्र प्रदेश में थे. आन्ध्र प्रदेश में अपना दौरा ख़त्म करने के बाद प्रधानमंत्री शाम को केरल पहुंचे. एयरपोर्ट पहुंचने पर राज्य के सीएम पिनाराई विजयन ने नेदुंबस्सेरी हवाईअड्डे पर स्वागत किया. इस दौरान केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद रहे.**




पीएम मोदी अपने इस दौरे के दौरान कल यानी 17 जनवरी को मलयालम सुपरस्टार सुरेश गोपी की बेटी की शादी में शामिल होंगे. शादी केरल के गुरुवयूर में श्री कृष्ण मंदिर में होगी. शादी समारोह में सुपरस्टार मोहनलाल अपनी पत्नी, अभिनेता जयराम और उनकी पत्नी, दिलीप और उनकी पत्नी के साथ भी शादी में शामिल होंगे. इस शादी में सुपरस्टार ममूटी के भी शामिल होने की संभावना है।



### MLC उपचुनाव के लिए बीजेपी ने किया प्रत्याशी का ऐलान

**एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद् उपचुनाव के लिए दारा सिंह चौहान को अपना उम्मीदवार बनाया है। दारा सिंह चौहान योगी आदित्यनाथ की सरकार में 2017 से 2022 तक मंत्री भी रह चुके हैं। सूबे की राजनीति में दारा सिंह चौहान एक बड़ा नाम हैं। पिछड़े वर्ग में दारा सिंह चौहान की गहरी पैठ मानी जाती है।बीजेपी के कद्दावर नेता मानेजाने वाले दारा सिंह चौहान योगी कैबिनेट में मंत्री थे लेकिन 2022 विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया था।

### बीजेपी का स्वच्छता अभियान, अनुराग ठाकुर ने दिल्ली और राजनाथ सिंह ने लखनऊ में की सफाई





## अंग्रेज भी चूहों से परेशान, ब्रिटेन में अचानक बढ़ी संख्या, 25 करोड़ चूहे मचा रहे उत्पात,

**एजेंसी।**

यूरोप के देशों को सबसे साफ सुथरा देश माना जाता है। ब्रिटेन भी उनमें से एक है। लेकिन यहां चूहों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि यहां कि साफसफाई पर भी सवालिया निशान लग रहा है। ब्रिटेन अपने देश में गंदगी से परेशान है।

इस कारण यहां बड़ी संख्या में चूहों की संख्या बढ़ गई है। ये चूहे भी आम चूहों की तरह नहीं, बल्कि इनका साइज भी बड़ा होता है। अचानक चूहों की संख्या में आई बढ़ोतरी से अंग्रेज भी परेशान हैं। चूहों की संख्या 25 करोड़ हो गई है, जो यहां के लोगों की संख्या से भी बहुत ज्यादा है। अचानक आई चूहों की नई लहर ने लोगों में चिंता पैदा कर दी है।



ब्रिटेन में 25 करोड़ के करीब चूहे हो गए हैं। इस कारण लोगों में चिंता है। चूहों की अचानक से बढ़ी इस संख्या के बीच डस्टबिन के कलेक्शन में देरी को कारण माना जा रहा है। साफसफाई न होना इन चूहों को बढ़ा रहा है। ये चूहे अब ब्रिटेन के घरों पर हमला कर रहे हैं। ब्रिटिश पेस्ट कंट्रोल एसोसिएशन का कहना है कि पिछले 90 दिनों में इस समस्याओं से निपटने के लिए मदद मांगने वाले लोगों की संख्या 115 फीसदी बढ़ी है।



### जापान में रनवे पर टकराए दो विमान, 289 यात्रियों से भरा कोरियन प्लेन उड़ान भर रहा

**एजेंसी।**

जापान में कोरियाई विमान कैथे पैसिफिक एयरवेज के विमान से टकरा गया। फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। रॉयटर्स के अनुसार हादसा तब हुआ, जब कोरियन एयरलाइंस का विमान उड़ान भरने की तैयारी कर रहा था। जापानी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मंगलवार को जापान के उत्तरी द्वीप होक्काइडो के न्यू चिटोज हवाई अड्डे पर कोरियाई एयरलाइंस का एक विमान कैथे पैसिफिक एयरवेज के विमान से टकरा गया।

### भाजपा ने शुरू किया घर-घर 'पुताई अभियान

## योगी ने दीवार पर लिखा- फिर एक बार मोदी सरकार

**एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कार्यकर्ता में खूब जोश का संचार किया। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शुरू दीवार लेखन अभियान के तहत उन्होंने मंगलवार को जटाशंकर स्थित श्री विश्वकर्मा भगवान पंचायत मंदिर की दीवार पर भाजपा का चुनाव चिह्न कमल का फूल बनाया। इसके नीचे स्लोगन लिखे, फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है।

सीएम योगी ने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मतदाताओं से संवाद के कार्यक्रम होने हैं। चुनाव से पूर्व प्रदेश में तीन बड़ी रैलियां होनी हैं। इन आगामी कार्यक्रमों की दिशा में दीवार लेखन अभियान बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक, सभी पंचायत और निकाय प्रतिनिधियों को इसमें पूरी जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभानी होगी। जहां भी स्पेस दिखे वहां कमल का फूल बनाकर दोनों स्लोगन (फि र एक बार मोदी सरकार और इस बार लक्ष्य चार सौ पार) लिखे जानें चाहिए। किसी की निजी संपत्ति पर लिखने से पूर्व उसकी अनुमति जरूर ले ली जाए। प्रयास हो कि कोई भी स्पेस स्लोगन से खाली न रहे।

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हमें अपनी बात कहने में संकोच नहीं करना चाहिए। बीते करीब दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने जो कार्य किए हैं, उन्हें जनता करीब से महसूस कर रही है।




### जेपी नड्डा ने देश को दिया नया संकल्प -

मुख्यमंत्री ने चुनाव में सफलता के लिए मतदाताओं से बूथ प्रबंधन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि हमारे बूथ जितने मजबूत होंगे, मतदाताओं से हमारा संवाद जितना बेहतरीन होगा, हमारे प्रत्याशी उतने ही भारी मतों से विजयश्री प्राप्त करेंगे। 2024 में हम सबका एक ही संकल्प होना चाहिए, एक बार फिर मोदी सरकार और भाजपा की सीटों की संख्या चार सौ पार। सीएम योगी ने कहा कि दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ कल राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली से कर देश को एक नया संकल्प दिया है। विकसित भारत यात्रा की तरह ही यह अभियान फलीभूत हो, इसके लिए सभी को प्राणपण से कार्य करना होगा।

### रामभक्त अपनी भावनाओं का शॉर्ट वीडियो बनाएं

**एजेंसी।**

**एजेंसी।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले राम जन्मभूमि ट्रस्ट ने रामभक्तों से गुजारिश की है कि प्रभु श्री राम की पांच शताब्दी बाद अपने जन्मस्थान पर वापसी हो रही है इसलिए इस खुशी में वे अपनी भावनाओं और विचारों को शॉर्ट वीडियो बना कर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर शेयर करें। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से यह अपील की गई है कि इस ऐतिहासिक घटना को लेकर अपने विचारों को #ShriRamHomecoming के हैशटैग के साथ पोस्ट कर सकते हैं। इस पोस्ट के साथ अपना नाम, जगह, और एक व्यक्तिगत नोट लिख सकते हैं। ट्रस्ट ने कहा कि आइए हम सभी सामूहिक रूप से भगवान राम की वापसी का जश्न मनाएं।

# ज्ञानवापी मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका को दी मंजूरी

**नईदिल्ली,एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर मामले पर सुनवाई करते हुए बड़ा फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद परिसर के 'वजूखाना' के पूरे एरिया की सफाई कराने की अनुमति दे दी है। बता दें कि इसी वजूखाने में हिंदू पक्ष ने शिवलिंग होने का दावा किया है। हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी के सील एरिया को खुलवाकर तत्काल सफाई की मांग की याचिका दायर की थी। हिंदू पक्ष की मांग को सुप्रीम कोर्ट ने मंजूर करते हुए सफाई का आदेश दिया है। शीर्ष



कोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट की देखरेख में सफाई की इजाजत दी है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने एक महिला की याचिका पर यह आदेश दिया है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मस्जिद परिसर में भगवान की पूजा करने की अनुमति मांगी गई थी। साथ ही पानी के टैंक की सफाई की मांग की गई थी, क्योंकि उस टैंक में मछलियां मरी पड़ी थीं। इस याचिका का मस्जिद मैनेजमेंट कमेटी की ओर से विरोध नहीं किया गया। हिंदू पक्ष का कहना है कि चूंकि हमारी मान्यता के मुताबिक, वहां पर शिवलिंग मौजूद है और शिवलिंग को किसी भी तरह की गंदगी या मरे हुए जीवों से दूर रखा जाने की जरूरत है। इस तरह की गंदगी के बीच शिवलिंग का रहना असंख्य शिवभक्तों की भावनाओं को आहत करने वाला है।

## विपक्ष में बेगम खालिदा जिया के बेटे ने शुरू की 'इंडिया आउट' कैंपेन

**एजेंसी।** बांग्लादेश में हालिया चुनाव में शेख हसीना की पार्टी ने प्रचंड बहुमत में सरकार बनाई है। लेकिन इस चुनाव से विपक्ष नदारद रहा। अब सबसे बड़े विपक्ष की बेगम खालिदा जिया की पार्टी 'बीएनपी' ने भी मालदीव की तर्ज पर 'इंडिया आउट' कैंपेन शुरू कर दिया है। इसकी मदद से मोहम्मद मुइज्जू ने भारत समर्थक इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को चुनाव में हरा दिया था। अब खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू के 'इंडिया आउट' कैंपेन की तर्ज पर यह कैंपेन शुरू किया है।



रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) प्रमुख बेगम खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान ने इंडिया आउट ऑपरेशन की शुरुआत की है। वे इस समय बीएनपी के कार्यवाहक अध्यक्ष हैं। बीएनपी के नेतृत्व में बांग्लादेश में इंडिया आउट मूवमेंट मालदीव के उस अभियान की याद दिलाती है, जिसकी वजह से आज भारत और मालदीव के संबंधों में तनाव पैदा हो गया है।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

## संक्षिप्त समाचार

### 14 से श्रीराम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा तक सभी मंदिरों एवं तीर्थस्थलों में स्वच्छता का लिया गया संकल्प

**रायपुर, (आरएनएस)।** आज प्रभु श्रीराम के दिव्य दर्शन कर दिन की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुसार आज मकर संक्रांति 14 जनवरी के दिन से श्री अयोध्या धाम में छत्तीसगढ़ के भांचा प्रभु श्रीराम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन तक अपने आसपास के सभी मंदिरों एवं तीर्थस्थलों पर स्वच्छता का संकल्प है।इसी संकल्प को निभाते हुए आज सभिलाईकैन डू के अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता अतुल पर्वत ने अपने युवा साथियों के साथ भिलाई डी पी एस चौक भिलाई के मेन रोड स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर में साफ सफाई कर श्रमदान किया।इस अवसर पर राम कुमार , राहुल दीक्षित , अवि गुप्ता , शुभम् भाई , विकी भाई , नवजोत सिंग आदि उपस्थित थे । जय श्रीराम??

### शिवधारा में ट्रैकिंग की यूथ हॉस्टल ने आयोजित किया प्रशिक्षण....

**कोरबा** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफइंडिया कोरबा इकाई छत्तीसगढ़ ने 14 जनवरी 2024 को 125 प्रतिभागियों के साथ कोरबा सतरेंगा मार्ग पर शिव धारा में अपना सबसे बड़ा कार्यक्रम ट्रैकिंग और प्रशिक्षण आयोजित किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप सेठ के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पीएल मिरेंद्र, त्रिभुवन, शैलेन्द्र नामदेव और सतीश शुक्ला का सहयोग रहा।

इस स्थान का नाम शिव धरा कोरबा यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन द्वारा रखा गया है। शैलेश शुक्ला के नेतृत्व में बिलासपुर और रायपुर इकाई के सदस्य भी कार्यक्रम में शामिल हुए। नदी में ट्रैकिंग, शेर की गुफा देखना, कैम्पिंग, पेड़ों के बीच झूलना, खेल, प्रश्नोत्तरी, स्वादिष्ट भोजन, प्रमाण पत्र वितरण आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच संचालन कल्पना,मालती, शिव कुमारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती और श्री हेमन्त सचदेवा मुख्य अभियंता डीएसपीएम( कोरबा इकाई संरक्षक ) और विशिष्ट अतिथि राजेश मिश्रा, पत्रकार उपस्थित थे। उन्होंने ट्रेकर्स को फ्लेग ऑफ किया और शुभकामनाएं दी।

यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन के सदस्यों ने मकर संक्रांति के अवसर पर पहाड़ी कोरवा परिवार के लोगों को कपड़े, स्टेशनरी, अनाज, धनराशि और मिठाइयाँ भी वितरित कीं। आर. श्रीधर, कुसुम ताम्रकार, सुमन सेठ, एम आर पति, आर शर्मा, एम मिश्रा, एएस तोमर विकास, गुप्ता, बी राजपूत, ने इस कार्यक्रम में सहयोग किया।



### रजगामार पुलिस ने मोटर साइकिल चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

कोरबा संवाददाता

पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री भूषण एक्का एवं थाना प्रभारी बालको श्री अविनाश कंवर के मार्गदर्शन में चैकी प्रभारी रजगामार लक्ष्मण प्रसाद खुटें, हमराह स्टाप प्रधान आरक्षक 174 गुरूवार सिंह, 353 विनोद कुमार, आरक्षक 721 करण सिंह के नतृत्व में चोरी किये गये 1 नग मोटरसाइकिल ड्रिम नियों क्र0 सी.जी.12 ए.के. 1388 को जप्त करने में सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 15.01.2024 को सूचना प्राप्त हई कि ओमपुर रजगामार के कुशल साहू पिता रम्भहन साहू उम्र 37 वर्ष चोरी के मोटर साइकिल में घुमते हुए दिखाई दिया है। उक्त सूचना पर आरोपी कुशल साहू को ओमपुर क्वाटर स्कूल के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके बताये गये जगह डूमरढीह जंगल से 1 नग मोटर साइकिल ड्रिम नियों क्र0 सी0जी012 ए0के0 1388 को बरामद कर 379 भादवी में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

# पीएम आवास की पहली किश्त की राशि का हुआ डिजिटल हस्तांतरण

### पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजातियों तक पहुंच रही है विकास की रोशनी : गिरिराज सिंह

### एकलव्य आवासीय विद्यालय छुरीकला में पीएम जनमन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### प्रधानमंत्री ने पीएम जनमन कार्यक्रम को किया वर्चुअल संबोधित

एजेंसी।



प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन योजना) के दो माह पूरे होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय (पीवीटीजी) वर्ग के 01 लाख लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की पहली किस्त के लिए राशि का डिजिटल हस्तांतरण किया। इसी तरह सड़क निर्माण विद्युतीकरण परियोजना को स्वीकृति, नल से स्वच्छ जल परियोजना, वन धन विकास केंद्रों की स्वीकृति सहित अन्य विकास कार्यों की सौगात दी। पीएम जनमन कार्यक्रम को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से संबोधित किया। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में चारों तरफ उत्सव का माहौल है। उत्तरायण, मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू...त्योहारों की उमंग चारों तरफछाई हुई हैं। इस उत्साह को आज के आयोजन ने और शानदार बना दिया है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां अयोध्या में दीपावली मनाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर पीएम जनमन योजना से एक लाख अति पिछड़े जनजातीय वर्ग के घरों में दिवाली मन रही है, उन्होंने योजना से लाभान्वित हुए लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस साल की दीवाली आप अपने नए पक्के घरों में मनाएंगे। इसी कड़ी में जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरीकला में पीएम जनमन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज श्री गिरिराज सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, विधायक कटघोरा श्री प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र शुक्ला, वनमण्डलाधिकारी कोरबा श्री अरविंद पीएम, कटघोरा वनमण्डलाधिकारी श्री निशांत कुमार, निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, नोडल अधिकारी/डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर पीएम जनमन सुश्री जेबा जामिल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री श्री गिरिराज ने विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राहियो से योजनाओं से मिल रहे लाभ के विषय में चर्चा की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री सिंह ने कहा कि देश भर के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों तक विभिन्न शासकीय योजनाओं से मूलभूत सुविधाओं का लाभ पहुचाने के लिए पीएम जनमन योजना संचालित की जा रही है। जिससे विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग तक विकास की रोशनी पहुँच रही है। उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर 2023 जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसमुंडा की जयंती के अवसर पर झारखण्ड के खूंटी से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम आदिवासी न्याय महाभियान की शुरुआत की थी। पिछले दो माह में योजना से पीवीटीजी बसाहटों में आवास, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क जैसे अनेक मूलभूत सुविधाएं देने का काम सफलता के साथ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधामनंत्री श्री मोदी ने योजना के तहत 01 लाख पीव्हीटीजी को पक्के आवास निर्माण के लिए उनके खाते में राशि अंतरित की गई है। इस राशि से अपने लिए पक्के आवास निर्माण प्रारंभ कीजिए। मोदी के गारंटी के तहत शत प्रतिशत वंचित लोगों के पास शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचेगा। जिससे आपकी सामाजिक व आर्थिक विकास होगा।

मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कार्यक्रम में जनमन योजना के बारे में बताते हुए कहा कि जन का मतलब जनता जनार्दन है एवं मन का अर्थ उनके मन की बात है। अर्थात् जनता के मन की बात को पूरा करने के लिए सरकार ने मन बना लिया है। पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के शत प्रतिशत लोगों विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि देश में पीएम जनमन योजना के तहत तीन वर्षों में लगभग 24,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ पीएम-जनमन, 9 मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण योजनाओं पर केंद्रित है और इसका उद्देश्य पीव्हीटीजी परिवारों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बिजली, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों तक बेहतर पहुंच स्थापित करके पीवीटीजी की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाना है।

## रायपुर में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट सप्लाई करने वाला मध्यप्रदेश का मेडिकल संचालक गिरफ्तार

**रायपुर,** राजधानी रायपुर में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ पकड़े गये युवक से पुछताछ के बाद मध्यप्रदेश के रीवा से नशीली टेबलेट क्रय कर लाने की जानकारी मिलने के बाद रायपुर पुलिस की टीम ने मध्यप्रदेश के रीवा से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट सप्लाई करने वाले मेडिकल संचालक को गिरफ्तार किया है। तथा उसके पास से भारी मात्रा में नशीली टेबलेट जब्त किया है।



बता दें कि पिछले दिनों पुलिस चौकी रामनगर की टीम द्वारा चौकी रामनगर क्षेत्रांतर्गत सामुदायिक भवन के पास अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पासमो बिक्री करते आरोपी मोहम्मद सलमान शाह पिता मुनव्वर शाह निवासी पारस नगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 240 नग प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पासमो कीमत 2290 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गुढियारी में धारा 20/24 धारा 22(ख) नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी का पुलिस रिमाण्ड लिया गया था। प्रकरण में विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपी से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पासमो के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा रींवा (म.प्र.) के छोटी गोरभी महसांव स्थित मेडिकल दुकान के संचालक रामावतार गुप्ता नामक व्यक्ति से क्रय कर लाना बताया गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा रींवा (म.प्र.) के मेडिकल दुकान के संचालक रामावतार गुप्ता पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा तकनीकी विश्लेषण व अन्य माध्यमों से आरोपी की पतासाजी करते हुए आरोपी की उपस्थिति रींवा (म.प्र.) के छोटी गोरभी महसांव में होना पाये जाने से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चौकी प्रभारी रामनगर निरीक्षक रविन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा चौकी रामनगर पुलिस की 4 सदस्यीय टीम को रींवा (म.प्र.) के छोटी गोरभी महसांव रवाना किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा रींवा (म.प्र.) के छोटी गोरभी महसांव पहुंचकर आरोपी की पतासाजी करते हुए रामावतार गुप्ता के मेडिकल दुकान में जाकर रामावतार को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बिना किसी दस्तावेज के अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पासमो को आरोपी मोहम्मद सलमान शाह सहित अन्य लोगों को मांग के आधार पर बिक्री करना बताया गया। जिसके बाद आरोपी रामावतार गुप्ता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पासमो जप्त कर कार्यवाही किया गया।

## कलेक्टर जन चौपाल : रोजगार के लिए सहायता मांगने पहुंची दो महिलाओं को मिला रोजगार



**रायपुर,।** सोमवार को जब जन चौपाल में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह मुलाकातियों से मिल रहे थे, इसी दौरान दो महिलाएं भी रोजगार सहायता के लिए मदद मांगने उनके पास पहुंची थी। कलेक्टर ने उनकी शैक्षणिक योग्यता की जानकारी ली। उन्होंने नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा को निर्देशित कर महिला को रोजगार से जोड़ने कहा। दोनों महिलाओं को इसी जन चौपाल में ही जॉब ऑफर दिया गया, अब प्रशिक्षण उपरांत ये महिलाएं रोजगार से जुड़कर अपने परिवार के लिए आर्थिक सहयोग कर सकेंगी।

जन चौपाल में अनिशा नामदेव अपने पांच महीने के शिशु के साथ नौकरी का आवेदन लेकर पहुंची और अपनी व्यथा से कलेक्टर डॉ. सिंह को अवगत कराया। इसी तरह स्नातकोत्तर की डिग्री लेकर रूपा वर्मा भी रोजगार की आस में कलेक्टर जन चौपाल पहुंची थी। उन्होंने भी बताया कि जरूरतमंद परिवार से है और परिवार के पालन-पोषण में हो रही परेशानियों को दूर करने वह रोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत होने लंबे समय से संघर्ष कर रही है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने महिलाओं को यह भी अवगत कराया कि पी.एम. स्वनिधि, पी.एम. विश्वकर्मा आदि जैसी कई योजनाएं केन्द्र व राज्य सरकार संचालित कर रही है, जिसका लाभ उठाकर युवा विशेषकर महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में भी अपने कदम आगे बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

### कोरबा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ.. यातायात जागरूकता को लेकर माह भर आयोजित किये जावेंगे विविध कार्यक्रम

**कोरबा ।** पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन पर आज 15 जनवरी को जिला कोरबा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 का शुभारंभ गीतांजलि भवन पुराना बस स्टैंड कोरबा में आयोजित कार्यक्रम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोरबा कलेक्टर श्री अजीत वसंत, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला, नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र समीप दीप प्रज्वलित कर औपचारिक रूप से जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में वक्ता पुलिस पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर महोदय द्वारा बढ़ते सड़क दुर्घटना पर गंभीरता व्यक्त कर प्रत्येक नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने प्रेरित किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में प्रतिदिन थानों व यातायात पुलिस द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम कर जिलेवासियों को यातायात के प्रति जागरूक किया जावेगा।

ग्रीन आर्मी | रायपुर में सेन्ट्रल कोर कमिटी 2024 की घोषणा

# ग्रीन आर्मी सेन्ट्रल कोर कमिटी का शपथ ग्रहण

लोकशक्ति। संवादादाता

**ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा वृन्दावन हॉल सिविल लाईन रायपुर में सेन्ट्रल कोर कमिटी 2024 की घोषणा की गई। जिसमें वर्ष 2024 हेतू श्री गुरदीप सिंग टुटेजा को अध्यक्ष एवं डॉ श्री हितेश दिवान जी.ग्रीनविंग प्रभारी श्रीमती रात्रि लहरी . वाईट विंग प्रभारी श्रीमती मोनिका बागरेचा एवं श्रीमती भारती अग्रवाल . ब्लूविंग प्रभारी डॉ श्री मनोज ठाकुर . ब्राउनविंग प्रभारी घोषित की गई।**




ट्रेनिंग कमिटी मिण् टारगेट पर्यावरण विशेषज्ञ कमिटी डॉ विजय जैन अनिल वर्मा एवं एल एन शर्मा मिडिया कमिटी शशीकांत यदु स्कूल कमिटी हितेन्द्र साहू महिला विंग डॉ गोपा शर्मा एवं रंजना अग्रवाल समाज सहभागिता निधि अग्रवाल सिनियर विंग कमिटी केके वर्मा सनद देवांगन रवि ठाकुर आध्यात्मिक प्रकोष्ठ पंडित विनीत शर्मा लीगल कमिटी भारत रत्न तिवारी सिनियर सेन्ट्रल कोर कमिटी हरदीप कौर कुलदीप दुबे आशिष शर्मा पुरूषोत्तम चन्द्राकर किशोर बरड़ीया नवीन शुक्ला योगेश यदु दिलीप तिवारी सेन्ट्रल कोर कमिटी नये सदस्य हेमंत सिंह ठाकुर तरूण शर्मा गावेस साहू शामिल हुए। संस्थापक श्री अमिताभ दुबे द्वारा सेन्ट्रल कोर कमिटी पदाधिकारीयों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतू शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात प्रशिक्षक मिण् टारगेट एवं श्री अमिताभ द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मिस्टर टारगेट ने बताया कि अपने कार्यों के द्वारा पहचान बनायें टीम वर्क में ध्यान देवे किसी कार्य को करने के फिलिंग की आवश्यकता होती है उसी प्रकार पर्यारवरण संरक्षण हेतु फिलिंग की आवश्यकता है। आप अपने पर्यावरण के प्रति अपनी फिलिंग एक दूसरे को बतायें। श्री अमिताभ दुबे जी . टीम वर्क से किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त किया जा सकता है किसी भी पदभार में आने के बाद यह अहम त्याग देवे की आपकी अनुसार कार्य होगा मैए मेरा यह बर्बादी का मुख्य कारण है इसे त्यागे।

आप कार्य करें लेकिन प्रशंसा की उम्मीद न करे। संगठन में काम करने के लिये सिस्टमेटीक वर्क करने की आवश्यकता है । कार्यक्रम के समापन अवसर पर तरूण शर्मा मिलींद कवाड़ीसाव अमिताभ दुबे सविता पूजा तिलका साहू भारतरतन पं विनीत शर्मा द्वारा शानदार गीत.संगित की प्रस्तुती दी गईए डॉ श्री हितेश दिवान जी द्वारा कार्यक्रम का समापन आभार व्यक्त कर किया गया।

### मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने गांव बगिया में लोगों से की भेंट-मुलाकात



रायपुर, 16 जनवरी (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज जशपुर जिले के प्रवास के दौरान अपने बगिया निवास में आमजनों से भेंट-मुलाकात की। इस दौरान बगिया समेत आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों से भेंटकर उनकी बातें भी सुनी। बड़ी संख्या में निवास पहुंचे आमजनों से श्री साय से बारी-बारी भेंट कर उनकी मांगों और समस्याओं से अवगत भी हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निवास में पहुंचे कई समाज के प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों से भी भेंट की।

## 1 महिला एवं 06 पुरुष आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया

कोरबा।

पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा के द्वारा राज्य में किसी भी प्रकार के अवैध नशे पर प्रभावी कार्यवाही के लिए अभियान चलाकर अवैध शराब, गांजा एवं अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था। जिस पर पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर श्री अजय यादव एवं पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री जितेंद्र शुक्ला से मार्गदर्शन प्राप्त कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा के पर्यवेक्षण में जिला के सभी थानाध्चैकी में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों पर, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर एवं अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही जारी है। गांव में थाना प्रभारीगण द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अवैध शराब की सूचनाएं देने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है जिससे कई थाना क्षेत्र से अवैध महुआ शराब बनाने की सूचनाएं पुलिस टीम को प्राप्त हो रही है, जिन पर कार्रवाई किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कल 10 जनवरी को थाना बाकीमोंगरा के ग्राम जवाली , थाना दर्री के सीपेट रोड़ मोड़ के पास, थाना हरदीबाजार के ग्राम भाठापारा दो स्थानों में संबंधित थानों की टीम के द्वारा रेड किया गया। कई स्थानों पर अवैध महुआ शराब बनाने के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई कर महुआ पास और भट्ठी को नष्ट किया है, साथ ही अवैध शराब बनाने, बेचने और पीने वालों के खिलाफभी कार्रवाई किया गया। पुलिस टीम की कार्यवाही में 01 महिला एवं 06 पुरुष से कुल 11.5 लीटर महुआ शराब और 10 पांव देसी प्लेन शराब जप्ती की गई है। 07 आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। आगे भी कोरबा पुलिस के द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही जारी रहेगी।

## अतिरिक्त महाधिवक्ता के साथ 64 सदस्यीय टीम का ऐलान

रायपुर, (संवाददाता)।

छत्तीसगढ़ महाधिवक्ता कार्यालय में अतिरिक्त महाधिवक्ता के साथ पूरी 64 लोगों की टीम घोषित कर दी गई है। इसमें अतिरिक्त महाधिवक्ता के साथ उप महाधिवक्ता, शासकीय अधिवक्ता, उप शासकीय अधिवक्ता और पैनल शामिल है। हाईकोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में वाय एस ठाकुर,रणबीर सिंह मरहास,राज कुमार गुप्ता,आशीष शुक्ला,बीडी गुरु,विवेक शर्मा और सुनील काले में नियुक्ति किए गए है। हाईकोर्ट में प्रवीण दास,विनय पांडेय,यू के एस चंदेल,संजीव पांडेय,शशांक ठाकुर,नीरज शर्मा,डॉ सौरभ कुमार पांडेय उप महाधिवक्ता नियुक्त किए गए है। डॉ सौरभ कुमार पांडेय ईडी के विशेष लोक अभियोजक भी हैं। सूची में गैरी मुखोपाध्याय और धीरज वानखेड़े सहित अखिलेश कुमार,अजित सिंह,केशव गुप्ता,अरविंद दुबे,अजय पांडेय,सुप्रिया उपासने,राहुल तामस्कर,सतीश गुप्ता,संतोष सोनी,जितेंद्र श्रीवास्तव,और राजीव भारत शासकीय अधिवक्ता नियुक्त किए गए है। राजेय सरकार ने महाधिवक्ता कार्यालय में 12 उप शासकीय अधिवक्ता और 22 पैनल लॉयर भी नियुक्त किए है।

## माओवादियों ने की युवक की हत्या

बीजापुर-रायपुर, (संवाददाता)।

रविवार की आधी रात ग्राम पुसनार धुर्वापारा निवासी 19 वर्षीय युवक रिशू पूनेम की माओवादियों के द्वारा धारदार हथियार से की गई हत्या। हत्या करने के बाद माओवादियों ने मृतक का शव पुसनार रोड पर मिला।परिजनों द्वारा थाना गंगालूर में घटना की सूचना दी गई। मामले की तस्दीक उपरान्त शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौपा गया। विदित हो कि 12 जनवरी 24 को पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में गंगालूर एरिया कमेटी के जनमिलिशिया कमाण्डर तोया पोटाम के मारे जाने के बाद बौखलाहट में माओवादियों के द्वारा निर्दोष ग्रामीण की हत्या की गई है। प्रकरण में थाना गंगालूर में पृथक से प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की जा रही है।

मंदिरों में स्वच्छता मुहीम

# राज्यपाल ने श्रीराम मंदिर और श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



रायपुर, लोकशक्ति।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने श्री राम मंदिर और श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर एवं गायत्री नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने राज्य एवं देश के समस्त नागरिकों से आग्रह किया कि सभी अपने आस-पास के मंदिरों को स्वच्छ रखें। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने श्री राम मंदिर और श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अपने आस-पास को स्वच्छ रखकर हम धरती माता की सेवा करते है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से हमें मानव सेवा की प्रेरणा मिलती है। इसके पूर्व श्री हरिचंदन ने दोनो मंदिरों में भगवान श्री राम और श्री जगन्नाथ का दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की और प्रदेश सहित समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।



## छग में बारिश की संभावना

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है। 18 जनवरी को कुछ जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। उत्तर से आ रही हवाओं के कारण सरगुजा संभाग के सभी जिलों में पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। रविवार को बलरामपुर में सबसे कम 5.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। वहीं सबसे ज्यादा तापमान राजनांदगांव में 31 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के मुताबिक सोमवार को मौसम में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। रायपुर में न्यूनतम पारा 17.1 डिग्री रहा, जो कि सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा था। दुर्ग जिले में फिर से गर्मी की तरह मौसम होने लगा है। रात में हल्की ठंड सिर्फघर के बाहर तक महसूस हो रही है। घर के अंदर जहां लोग पंखा चलाकर सो रहे हैं। वहीं दिन में एसी चलाने की नौबत शुरू हो गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मौसम इसी तरह रहने के आसार हैं।

## उद्योग मंत्री का शंकर नगर में निवास कार्यालय प्रारंभ

रायपुर, वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज राजधानी के शंकर नगर स्थित अपने शासकीय निवास कार्यालय का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। मंत्री श्री देवांगन को शंकर नगर में बंगला नं. सी-4 आवंटित हुआ है। इस दौरान उनके परिवारजन भी मौजूद थे।

## अब नये सिस्टम से होगी जमीन की रजिस्ट्री, फजीवाड़े पर लगेगी रोक

रायपुर, छत्तीसगढ़ में जमीन की रजिस्ट्री के लिए नया सिस्टम लागू होने वाला है। केन्द्र की ओर से उपलब्ध नये सिस्टम के तहत इससे जमीन की रजिस्ट्री में होने वाले फर्जीवाड़ा पर रोक लग जाएगी।

सॉफ्टवेयर को डेवलप केंद्र सरकार ने किया है, लेकिन छत्तीसगढ़ की जरूरतों के अनुसार उसे मॉडिफाइड एनआईसी ने किया है। यह पूरी तरह से कस्टमर फ्रेंडली सॉफ्टवेयर है। रजिस्ट्री कराने से पहले सारी जानकारी घर से भर सकते हैं। इसके लिए पहले लॉगईन आईडी पासवर्ड बनाना होता है फिर सिटीजन सेक्शन के जरिए जमीन की डिडेल्स को फुलफिल करना होता है। एरिया लोकेशन के हिसाब से उस पर लगने वाले सभी तरह के टैक्स की गणना कर सॉफ्टवेयर खुद बता देता है। ट्रेनिंग के लिए रजिस्ट्री ऑफिस में क्यूआर कोड लगाया गया है।



स्कैन करने पर खुद से फॉर्म भरने की सारी प्रक्रिया वीडियो के जरिए बता दी जाती है। रजिस्ट्रेशन के दौरान बी वन खसरा का नंबर डालते ही पता चल जाएगा कि जमीन का असली मालिक कौन है। किसी विवाद के चलते इसे ब्लॉक तो नहीं किया गया है। इस सॉफ्टवेयर के साथ आधार कार्ड को लिंक किया गया है। रजिस्ट्री के दौरान थंप इम्प्रेशन देने पर बेचने वालों का आधार डिटेल्स स्क्रीन के सामने होगा। अगर कोई फर्जी आदमी खड़ा होगा तो उसे वहीं पकड़ लिया जाएगा। इस सॉफ्टवेयर में जमीन का लेटेस्ट खसरा नंबर ही काम करेगा। पुराना डालने पर सॉफ्टवेयर आगे ही नहीं बढ़ेगा। यानी, फर्जीवाड़ा कर जमीन बेचने वालों पर नकेल लगाने की पूरी व्यवस्था इस साफ्टवेयर में है।

## आंजनेय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव संपन्न

**– 10 लाख से ऊपर के मिले पैकेज, 40 से अधिक की तत्काल नियुक्ति**

रायपुरः मंगलवार को आंजनेय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का संपन्न हुई। जिसमें कई युवाओं को 10 लाख से ज्यादा के पैकेज मिले।

विश्वविद्यालय चांसलर श्री अभिषेक अग्रवाल ने प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल युवाओं को शुभकामनाएं दी साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आगे भी भविष्य में प्रदेश के युवाओं के लिए ऐसे अवसर प्रदान करते रहेंगे।

**40 को तत्काल मिली नियुक्ति –** दो दिनों तक चले इस प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 500 से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया। जिसमें 40 प्रतिभागियों को तत्काल नियुक्ति पत्र दिया गया।

**सुप्रसिद्ध कंपनियां हुई शामिल –** टाटा मोटर्स, पेटीएम, एचडीएफसी बैंक, हनीवेल, जब्रोनिक, एसबीआई समेत 34 कंपनियां शामिल हुई।



इन पदों पर हुई नियुक्ति

सॉफ्टवेयर, ऑटोमोबाइल, मेकेनिकल, कंप्यूटर इंजीनियर, सेल्स मैनेजर, एचआर, मार्केटिंग, बैक ऑफिस स्टाफ, ट्रेनी इंजीनियर, फार्मेसिस्ट समेत कई पदों पर तत्काल चयन कर नियुक्ति पत्र दिया गया।

प्लेसमेंट ड्राइव के समापन के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी.रामाराव, प्रो. वाइस चांसलर श्री सुमित श्रीवास्तव, डायरेक्टर जनरल डॉ. बीसी जैन उपस्थित थे। प्लेसमेंट ड्राइव का संयोजन डॉ. प्रांजली गनी ने किया।

# माना के सियान कुटी पहुंचे कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह





रायपुर संवाददाता।

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज निःशक्त व बेसहारा बुजुर्गों की देखरेख के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा माना में संचालित ÷सियान कुटी÷ का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने यहां निवासरत वृद्धजनों से उनका हालचाल जाना और यहां उपलब्ध सुविधाओं की उनसे विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के संवेदनशील सोच के अनुरूप यहां निवासरत हर बुजुर्ग, महिला-पुरुष की सेवा को अपना सर्वोच्च लक्ष्य मानकर कार्यरत सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने कर्तव्यों का पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ निर्वहन करें। जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप भी इस दौरान निरीक्षण में साथ रहें। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान उन्होंने उनके भोजन, आवास, शयन, प्रसाधन जैसी हर सुविधाओं की बारीकी से पड़ताल की और वृद्धजनों से फीडबैक लिया।

उन्होंने अधीक्षिका लक्ष्मी माला मेश्राम से इन बुजुर्गों के नियमित स्वास्थ्य जांच, आमोद-प्रमोद गतिविधियां जैसी सुविधाओं के संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली। डॉ. सिंह ने कहा है कि इस आयु में पौष्टिक भोजन उच्च गुणवत्ता के साथ सभी को नियमित रूप से मिलता रहे, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने आगंतुक पंजी और सुरक्षा विषयक उपायों के संबंध में भी गहनता से जांच परख की है।

# कोयला घोटाला : ईडी ने रानू साहू-सौम्या चौरसिया पर और कसा शिकंजा





### मामले में जेल में निरुद्ध दस आरोपियों पर पूरक आरोप पत्र पेश करेगी ईडी

रायपुर, कोल घोटाले मामले में निलंबित और वर्तमान में जेल में निरुद्ध आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया व अन्य आरोपियों पर

ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने अपना शिकंजा कसना और तेज कर दिया है। मामले में ईडी पूरक आरोप पत्र पेश करने की तैयारी में जुटी हुई है। जानकार सूत्रों के अनुसार पूरक आरोपपत्र में विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय, कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल, विनोद तिवारी समेत अन्य के नाम भी शामिल करने की चर्चा है। ईडी सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसी की टीम की महिला अधिकारियों ने महिला जेल प्रकोष्ठ में बंद रानू साहू और सौम्या चौरसिया से दो दिन तक लगातार अलग-अलग पूछताछ की है। दोनों से प्रतिवर्ष डीएमएफफंड से अर्जित रकम और खर्च की गई राशि का ब्यौरा लिया गया है। महिला जेल में बंद रानू साहू और सौम्या चौरसिया के बीच विवाद और मारपीट की घटना होने की चर्चा है। जेल सूत्रों के अनुसार दोनों के बीच तनाव को देखते हुए उन्हें महिला जेल के अलग-अलग सेल में रखा गया है। सूत्रों के अनुसार कोयला घोटाला मामले में ईडी के हाथ लगी एक डायरी ने घोटाले से जुड़े कई राज खोले हैं। बताया जा रहा है कि डायरी में कांग्रेस के एक प्रभावशाली नेता का नाम है। जांच एजेंसी कांग्रेस नेता की भूमिका के बारे में जानकारी जुटा रही है।

संपादकीय

## इंडिया को बिगाडऩे का नीतिश का खेला!

विपक्षी पार्टियों के गठबंधन इंडिया' की वर्चुअल बैठक शुक्रवार को तय हुई। शनिवार को बैठक रखी गई थी और शुक्रवार शाम तक सभी विपक्षी पार्टियों को इसकी सूचना दी गई। साथ ही एजेंडा भी बता दिया गया। तय एजेंडे के मुताबिक बैठक में गठबंधन के संयोजक और अध्यक्ष पद पर चर्चा होनी थी। यह संकेत भी दे दिया गया कि नीतीश कुमार को संयोजक और मल्लिकार्जुन खडग़े को अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके बाद सब कुछ तय दिख रहा था। तभी शनिवार की सुबह नीतीश कुमार की पार्टी के बड़े नेताओं ने मीडिया के चुनिंदा लोगों को खबर दी कि नीतीश कुमार संयोजक बनने जा रहे हैं। सवाल है कि सुबह आठ बजे से 12 बजे के बीच ऐसा क्या हुआ कि नीतीश कुमार ने संयोजक बनने से मना कर दिया?बड़ा सवाल यह भी है कि इंडिया' के अंदर जो एक दबाव समूह है उसने कोई खेल किया या नीतीश की पार्टी कोई खेल कर रही है? ध्यान रहे नीतीश की पार्टी की ओर से मीडिया में खबर दी गई थी कि नीतीश संयोजक बन रहे हैं और जब मीडिया में खबर खूब चल गई तो नीतीश कुमार ने प्रस्ताव ठुकरा दिया। इससे ऐसा लग रहा है कि नीतीश की पार्टी ने सोच समझ कर यह दांव चला है। पहले मीडिया में खबर चलवाई गई कि आखिरकार इंडिया' ब्लॉक ने नीतीश का महत्व समझा और उनको संयोजक बनाया जा रहा है। इससे नीतीश का महत्व बढ़ा। भाजपा को जवाब मिला, जिसके नेता कह रहे थे कि विपक्षी गठबंधन में नीतीश को कोई पूछ नहीं रहा है। फिर नीतीश ने प्रस्ताव ठुकराया ताकि यह मैसेज जाए कि वे विपक्षी गठबंधन के नेताओं से नाराज हैं।नाराजगी का कारण यह बताया जा रहा है कि कोई सात महीने पहले नीतीश कुमार ने पहल करके सभी पार्टियों को एकजुट किया था तभी उनको संयोजक क्यों नहीं बना दिया गया?



## भाजपा गढ़ सुरक्षित, सैंध मुश्किल

हरिशंकर व्यास

भोपाल में भाजपा की चुनाव तैयारियों की बड़ी बैठक हुई। शनिवार को जयपुर में बैठक है। इनमें मंदिर को लेकर माहौल और माहौल को दो-ढ़ाई महिने बनाए रखने के रोडमैप पर विचार होता है तो लोकसभा चुनाव की ठोस रणनीति भी बनती हुई है। मतलब यह कि प्रदेश में विधानसभा चुनावों की थकान, सरकार-मंत्रिमंडल के गठन, विधायकों-मंत्रियों से स्वागत दौरे जैसे काम पूरे हुए नहीं उससे पहले ही प्रदेशों में भाजपा ने अपने आपको लोकसभा चुनाव की तैयारियों में झोंक दिया है।जबकि ठिक विपरित छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान में कांग्रेस इस वक्त पूरी तरह हताश, लावारिश, बिखरी और बिना नेतृत्व के है। और उत्तर भारत में यह हर तरफ है। तय माने ऐसा अयोध्या में मंदिर कार्यक्रम, गणतंत्र दिवस और राहुल गांधी की यात्रा की भूमिका बनने (मतलब उत्तरपूर्व व बंगाल तक की उनकी यात्रा) तक रहेगा। कांग्रेस किसी स्तर पर भाजपा के गढ (यूपी, गुजरात, एमपी, राजस्थान, छतीसगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, हिमाचल, जम्मू, चंडीगढ) की 207 लोकसभा सीटों में जमीनी चुनावी तैयारियां करते हुए, कमर कसते नहीं दिख रही है। यह बात इंडिया एलायंस के अखिलेश यादव व जयंत चौधरी पर लागू है तो अरविंद केजरीवाल पर भी लागू है।लग रहा है भाजपा भाजपा उम्मीदवारों की सूचियां जनवरी आखिर से आनी शुरू हो जाएगी। इससे पहले संगठन नेता, संघ-भाजपा मशीनरी राम मंदिर के आयोजन के प्रचार में घर-घर हवा बनाते हुए है तो उम्मीदवारों की छंटनी, संगठनात्मक बंदोबस्त करते हुए भी है तो कांग्रेस में तोडफ़ोड की संभावनाएं भी टटोली जा रही है।इसलिए क्या न माना जाएं कि राम मंदिर की हवा में उत्तर भारत की 207 सीटों में कांग्रेस और इंडिया एलायंस रामभरोसे ही रहेगा। यों विपक्ष में सीटों के बंटवारे पर विचार-विमर्श है लेकिन पार्टियों में जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की एकुजटता बने, आर-पार की लड़ाई का जुनून बने, ऐसा कुछ होता हुआ नहीं है। वजह यह भी है कि नरेंद्र मोदी इसका मौका ही नहीं बनने दे रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक के बाद एक, हर दिन के कलेंडर में घटनाओं की भरमार और उन पर मीडिया में नैरेटिव का सिलसिला ऐसा भारी है कि विपक्षी नेता करे तो क्या करें? कैसे तो नेता-संगठन सक्रिय हो, भीड़ जुटे और कवरेज मिले। इसलिए उत्तर भारत की इन 207 सीटों पर दमदारी से चुनाव लडने की हवा बनाना भी आसान नहीं है!

**यह निजी विचार है।**



# गुरु गोविन्द सिंह हिन्दू जीवन-दर्शन के पुरोधा हैं



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

**भारतीय जीवन मूल्यों की रक्षा और समाज को नए सिरे से संगठित एवं सशक्त करने वाले एक महापुरुष हैं गुरु गोविन्द सिंह। उनकी महान् तपस्वी, महान् कवि, महान् योद्धा, महान् संत सिपाही साहिब आदि स्वरूपों में पहचान होती है। वे सिर्फसिखों के नहीं संपूर्ण भारतीय समाज के आस्था के केंद्र हैं, उनके जीवन से हमें राष्ट्रप्रेम और मानवतावादी धर्म की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने 1699 में बैसाखी के दिन पंच प्यारों को अमृतपान कराकर खालसा पंथ की स्थापना की और खुद भी उनके हाथ से अमृत पान किया। उन्होंने खालसा पंथ के अनुयायियों को पंच ककार केश, कड़ा, कंघा, कृपाण, कच्छा धारण करने का निर्देश दिया। ये शौर्य, शुचिता तथा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष के संकल्प के प्रतीक हैं। श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर उनका पावन स्मरण नयी ऊर्जा का द्योतक हैं।**





गुरु गोबिंद सिंह का व्यक्तित्व अलौकिक, साहसी एवं भारतीयता से ओतप्रोत था। उन्होंने आनंदपुर का सुख, माता पिता की छांव और बच्चों का मोह छोड़कर धर्म रक्षा का मार्ग चुना। उन्होंने दमन, अन्याय, अधर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी। गुरु तेग बहादुर के बलिदान के बाद 11 नवंबर 1675 को नौ साल की उम्र में गुरु गोबिंद सिंह सिखों के दसवें गुरु बने। ये कई भाषाओं के जानकार थे, उन्होंने दशम ग्रंथ समेत कई ग्रंथों की भी रचना की थी। उन्होंने लोगों को सीख दी कि युद्ध सैनिकों की संख्या से नहीं जीते जाते, बल्कि हौसले और इच्छाशक्ति से जीते जाते हैं। उनके अनुसार जो उसूलों के लिए लड़ता है, वो धर्म योद्धा होता है।

दुनिया में देश व धर्म की रक्षार्थ अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महापुरुष तो अनेक मिलेंगे किन्तु अपनी तीन पीढ़ियों, बल्कि यों कहें कि अपने पूरे वंश को इस पुनीत कार्य हेतु बलिदान करने वाले विश्व में शायद एकमेव महापुरुष गुरु गोविन्द सिंहजी ही है। जिन्होंने त्याग, बलिदान एवं कर्तृत्ववाद का संदेश दिया। भाग्य की रेखाएं स्वयं निर्मित की। स्वयं की अनन्त शक्तियों पर भरोसा और आस्था जागृत की। सभ्यता और संस्कृति के प्रतीकपुरुष के रूप में जिन्होंने एक नया जीवन-दर्शन दिया, जीने की कला सिखलाई। जिनको बहुत ही श्रद्धा व प्यार से कलगीयां, सरबंस दानी, नीले वाला, बाला प्रीतम, दशमेश पिता आदि नामों से पुकारा जाता है। भारत में फैली दहशत, डर और जनता का हारा हुआ मनोबल देखकर उन्होंने कहा ''मैं एक ऐसे पंथ का सृजन करूँगा जो सारे विश्व में विलक्षण होगा। जिससे मेरे शिष्य संसार के असंख्य लोगों में पहली ही नजर में पहचाने जा सकेंगे। जैसे हिरनों के झुंड में शेर और बगुलों के झुंड में हंस। वह केवल बाहर से अलग न दिखे बल्कि आंतरिक रूप में भी ऊँचे, साहसी और सच्चे विचारों वाले हो।

सारे जगत में खालसा पंथ की गूंज करने वाले, हिन्दू धर्म के रक्षक-उद्धारक, मुगलों के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने वाले श्री गुरु गोविन्द सिंहजी का जन्म संवत् 1723 विक्रम की पौष सुदी सप्तमी को हुआ। उनके पिता गुरु तेगबहादुर उस समय अपनी पत्नी गुजरी तथा कुछ शिष्यों के साथ पूर्वी भारत की यात्रा पर थे। अपनी गर्भवती पत्नी और कुछ शिष्यों को पटना छोड़कर वे असम रवाना हो गये थे। वहीं उन्हें पुत्र प्राप्ति का शुभ समाचार मिला। बालक गोविन्द सिंह के जीवन के प्रारंभिक 6 वर्ष पटना में ही बीते। अपने पिता के बलिदान के समय गुरु गोविन्द सिंह की आयु मात्र 9 वर्ष की थी। इतने कम उम्र में गुरु पद पर आसीन होकर उन्होंने गुरु पद को अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से और भी गौरवान्वित किया। अपने नाम के तीनों शब्द 'गुरु', 'गोविन्द' एवं 'सिंह' को शब्दशः चरितार्थ कर देश, धर्म, संस्कृति, इतिहास एवं स्वाभिमान की रक्षार्थ ज्ञान के भण्डार के रूप में एक श्रेष्ठ गुरु, ईश्वर की राह के पथ प्रदर्शक तथा सिंह गर्जना के साथ शत्रुओं के छक्के छुड़ा देने वाले गुरु गोविन्द सिंहजी यदि नहीं होते तो मुगलों के अत्याचार के विवश समस्त हिन्दू समाज इस्लाम धर्म स्वीकार कर अपनी संस्कृति, स्वधर्म, स्वराज एवं स्वाभिमान को सदा के लिये तिलांजलि दे चुका होता।

श्री गुरु गोविन्द सिंहजी शासक होकर भी उनकी नजर में सत्ता से ऊंचा स्वराष्ट्र, स्व-अस्तित्व, समाज एवं मानवता का हित सर्वोपरि था। यूं लगता है वे हिन्दू जीवन-दर्शन के पुरोधा बन कर आए थे। उनका अथ से इति तक का पुरा सफर हिन्दू धर्म की रक्षा, पुरुषार्थ एवं शौर्य की प्रेरणा है। वे सम्राट भी थे और संन्यासी भी। आज उनका सम्पूर्ण व्यक्तित्व और कर्तृत्व सिख इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। उन्हें हम तमस से ज्योति की ओर एक यात्रा एवं मानवता के अभ्युदय के सूर्योदय के रूप में देखते हैं। वे बचपन से ही बहुत पराक्रमी व प्रसन्नचित व्यक्तित्व के धनी थे। वे एक कुशल संगठक थे। दूर-दूर तक फैले हुए सिख समुदाय को 'हुक्मनामे' भेजकर, उनसे धन और अस्त्र-शस्त्र का संग्रह उन्होंने किया था। एक छोटी-सी सेना एकत्र की और युद्ध नीति में उन्हें कुशल बनाया।

गुरु गोविन्द सिंहजी ने सुदूर प्रदेशों से आये कवियों को अपने यहाँ आश्रय दिया। यद्यपि उन्हें बचपन में अपने पिता श्री गुरु तेगबहादुरजी से दूर ही रहना पड़ा था, तथापि तेगबहादुरजी ने उनकी शिक्षा का सुव्यवस्थित प्रबंध किया था। साहेबचंद खत्रीजी से उन्होंने संस्कृत एवं हिन्दी भाषा सीखी और काजी पीर मुहम्मदजी से उन्होंने फारसी भाषा की शिक्षा ली। कश्मीरी पंडित कृपारामजी ने उन्हें संस्कृत भाषा तथा गुरुमुखी लिपि में लेखन, इतिहास आदि विषयों के ज्ञान के साथ उन्हें तलवार, बंदूक तथा अन्य शस्त्र चलाने व घुड़सवारी की भी शिक्षा दी थी। वे चित्रकला में पारंगत थे। सिराद-एक प्रकार का तंतुवाद्य, मृदंग और छोटा तबला बजाने में वे अत्यंत कुशल थे। इस तरह गुरु गोविन्द सिंह कला, संगीत, संस्कृति एवं साहित्यप्रेमी थे। जैसाकि खुद गुरु गोबिंद सिंह ने कहा था, कि जब-जब अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान मानव देह का धारण कर पीड़ितों व शोषितों के दुख हरने के लिए आते हैं। औरंगजेब के अत्याचार चरम सीमा पर थे। दिल्ली का शासक हिन्दू धर्म तथा संस्कृति को समाप्त कर देना चाहता था। हिन्दुओं पर जजिया कर लगाया गया, साथ ही हिन्दुओं को शस्त्र धारण करने पर भी प्रतिबन्ध लगाया गया था। ऐसे समय में कश्मीर प्रांत से पाँच सौ ब्राह्मणों का एक जत्था गुरु तेगबहादुरजी के पास पहुँचा। पंडित कृपाराम इस दल के मुखिया थे। कश्मीर में हिन्दुओं पर जो अत्याचार हो रहे थे, उनसे मुक्ति पाने के लिए वे गुरुजी की सहानुभूति व मार्गदर्शन प्राप्ति के उद्देश्य से आये थे। गुरु तेगबहादुर उन दुःखीजनों की समस्या सुन चिंतित हुए। बालक गोविन्द ने सहज एवं साहस भाव से इस्लाम धर्म स्वीकार न करने की बात कही। बालक के इन निर्भीक व स्पष्ट वचनों को सुनकर गुरु तेगबहादुर का हृदय गद्गद् हो गया। उन्हें इस समस्या का समाधान मिल गया। उन्होंने कश्मीरी पंडितों से कहा-''आप औरंगजेब को संदेश भिजवा दें कि यदि गुरु तेगबहादुर इस्लाम स्वीकार लेंगे, तो हम सभी इस्लाम स्वीकार कर लेंगे÷ और फिर दिल्ली में गुरुजी का अमर बलिदान हुआ जो हिन्दू धर्म की रक्षा के महान अध्याय के रूप में भारतीय इतिहास में अंकित हो गया। इनके पिता श्री गुरु तेग बहादुरजी ने तथा इन्होंने मुगल शासकों के विरुद्ध काफी युद्ध लड़े थे।

गुरु गोविन्द सिंहजी का जीवन एक कर्मवीर की तरह था। भगवान श्रीकृष्ण की तरह उन्होंने भी समय को अच्छी तरह परखा और तदनुसार कार्य आरम्भ किया। उनकी प्रमुख शिक्षाओं में ब्रह्मचर्य, नशामुक्त जीवन, युद्ध-विद्या, सदा शस्त्र पास रखने और हिम्मत न हारने की शिक्षाएँ मुख्य हैं। उनकी इच्छा थी कि प्रत्येक भारतवासी सिंह की तरह एक प्रबल प्रतापी जाति में परिणत हो जाये और भारत का उद्धार करें। गुरु गोविन्द सिंह जैसे महापुरुष इस धरती पर आये जिन्होंने सबको बदल देने का दंभ तो नहीं भरा पर अपने जीवन के साहस एवं शौर्य से डर एवं दहशत की जिन्दगी को विराम दिया। उनके कारण ही हिन्दू अपने अस्तित्व एवं अस्मिता को कायम रख पाये।

**यह निजी विचार है।**

# ताईवानी लोगों का चीन को ठेंगा!

श्रुति व्यास

**विलियम लाई चिंग-टी ताईवान के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं। चीन से ताईवान की आजादी की पक्षधर उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) ने तीसरी बार जीत हासिल की है। जहां एक ओर ताईवान खुशी में झूम रहा है जश्न मना रहा है, वहीं चीन में शी जिन पिंग शायद लाल-पीले हो रहे होंगे, गुस्से से उबल रहे होंगे।आखिकार, ताईवान का अपनी मातृभूमि का हिस्सा बनाना शी जिनपिंग का पुराना सपना है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ताइवान को अपने देश का पवित्र, खोया हुआ इलाका मानती है। कुछ सप्ताह पहले शी ने ताइवान के चीन में विलय को ऐतिहासिक अवश्यंभाविता' बताया था।लेकिन डीपीपी और लाई चिंग-टी की वापसी से यह अवश्यंभाविता' हवा-हवाई नजर आ रही है।**



यह एक निर्णायक चुनाव था जिसमें ताईवानी मतदाताओं ने जाहिर तौर पर चीन की उस धमकी को नजरअंदाज कर दिया जिसमें डीपीपी को पृथकतावादी बताया गया था। चीन ने कहा था कि डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी को वोट देने का मतलब है युद्ध के लिए वोट देना। जनता ने अपनी राय जाहिर कर दी है।शनिवार को करीब 70 फीसदी मतदाताओं ने वोट दिया। ताईवान के ज्यादातर लोग न तो स्वतंत्रता के पक्षधर हैं ना ही तुरंत एकीकरण के, बल्कि वे यथास्थिति अर्थात व्यावहारिक तौर पर ताईवान को आज़ाद बनाए रखना चाहते हैं। लाई चिंग-टी ने 40 प्रतिशत वोटों के साथ जीत हासिल की है। उन्होंने ताईवान की संप्रभुता से समझौता किए बिना चीन की राह रोकने की अपनी पार्टी की नीति जारी रखने का वायदा किया है। चुनाव जीतने के बाद जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने जनमत की सराहना करते हुए कहा, ताईवान दुनिया को यह संदेश दे रहा है कि लोकतंत्र और अधिनायकवाद में से हम लोकतंत्र के पक्षधर हैं।उन्होंने अपने भाषण में यह वायदा भी किया कि वे चीन की जुबानी और सैन्य धमकियों से ताईवान की रक्षा करेंगे।डीपीपी की जीत से दोनों महाशक्तियों ड्ड चीन और अमरीका ड्ड की बढ़ती प्रतिद्वंद्विता के और जोर पकडऩे की संभावना है ड्ड और यह अगले चार सालों तक तीखी होगी।हालांकि इस जीत पर चीन की पूरी प्रतिक्रिया आने वाले महीनों में सामने आएगी मगर फिलहाल, नतीजे आने के तुरंत बाद, चीन ने एक चेतावनी भरा वक्तव्य जारी किया है। ताईवानी मामलों के उसके ऑफिस ने कहा कि इस चुनाव से इन दोनों देशों के संबंधों की दिशा में बदलाव नहीं होगा। मतलब यह कि अस्थिरता और तनाव का दौर जारी रहेगा और यह भी लगभग निश्चित है कि वह और गंभीर स्वरुप लेगा।चुनाव प्रचार के दौरान चीनी अधिकारियों ने वक्तव्यों और सरकारी प्रकाशनों के सम्पादकीय लेखों में लाई चिंग-टी को खलनायक बताया, उन्हें ताईवान की आजादी का अडिय़ल पैरोकार ताईवान स्ट्रेट के दोनों ओर अमन-चैन नष्ट करने वाला और एक घातक युद्ध का संभावित रचयिता आदि बताया। ताईवान की स्वतंत्रता के बारे में लाई चिंग-टी के विचार अपने पूर्ववर्ती की तुलना में अधिक स्पष्ट हैं और वे उन्हें बिना लागलपेट के व्यक्त करते रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने संकल्प व्यक्त किया था कि वे आधुनिकीकरण की राह पर चलते रहेंगे और एकाएक ताईवान को स्वतंत्र घोषित करने जैसा कोई कदम नहीं उठाएंगे (हालांकि अब डीपीपी के नेता कह रहे हैं कि ताईवान पहले से ही स्वतंत्र है इसलिए इसकी घोषणा करने की कोई जरूरत नहीं है!)।उनके साथी और उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सियाओ बी-किम, जो अमेरिका में ताईवान के प्रतिनिधि रहे हैं और अब उपराष्ट्रपति निर्वाचित हो गए हैं, उन्हें भी वाशिंगटन में ताईवान की स्वतंत्रता का एक दृढ़ किंतु चौकन्ना रक्षक माना जाता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि डीपीपी का दुबारा सत्ता में आना अमेरिका के लिए कई दृष्टियों से फायदेमंद है। एक तो 2.30 करोड़ की जनसंख्या और सारी दुनिया को माईक्रोप्रोसेसर का सप्लायर होने के कारण ताईवान, वाशिंगटन के लिए वैश्विक स्थिरता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। और दूसरे चीन से मुकाबले में उलझे अमेरिका के लिए ताईवान में लोकतंत्र की जीत' एक दृष्टि से उसकी भी जीत है और कई मायनों में चीन की हार है।लेकिन यह सब निश्चित ही शी जिन पिंग को पसंद नहीं आ रहा होगा। दुनियाभर के जानकारों ने इन दोनों के बीच बढ़ती प्रतिद्वंद्विता और इसके एक युद्ध की कगार तक पहुंचने के खतरे को लेकर चिंता जाहिर की है। बीजिंग ने यह साफकर दिया है कि वह वाशिंगटन से ताईवान पर दबाव डालने और उसे दिए जाने वाले सैन्य समर्थन में कमी लाने की मांग करता रहेगा। वैसे भी, अमरीका और चीन के कूटनीतिक संबंधों में एक-दूसरे को चेताते हुए संदेशों की भरमार है।इस बीच आने वाले दिनों में चीन, ताईवान की राजनीति में दुष्प्रचार, धमकियों और आर्थिक प्रोत्साहनों के जरिए हस्तक्षेप करने का प्रयास करता रहेगा। चीनी अधिकारियों ने यह संकेत भी दिया है कि वे टैरिफसंबंधी रियायतों में कमी करके ताईवान के व्यापार को प्रभावित करने का कदम भी उठा सकते हैं। चीनी लड़ाकू विमान, ड्रोन और जहाज लगभग प्रतिदिन ताईवान की सीमा का उल्लंघन करते रहते हैं और आगे यह और बढेगा, ऐसी सम्भावना है।चीन चाहता है कि ताईवानी डीपीपी को चुनने के लिए पछताएं। लेकिन ज्यादा बड़ी प्रतिक्रिया तो 20 मई को ही आ सकती है जब नई सरकार सत्ता संभालेगी। लाई चिंग-टी चुनाव प्रचार के दौरान ही यह कहकर विवाद पैदा चुके हैं कि उन्हें उम्मीद है कि एक दिन ताईवान का राष्ट्रपति व्हाईट हाऊस में प्रवेश करता नजर आएगा। अमेरिकी अधिकारी इस बात को लेकर भी चिंतित होंगे कि टी कार्यभार सम्हालने के बाद अपने पहले भाषण में ऐसी कोई बात न कह दें, जो लीक और अपेक्षा से अलग हो। मगर फिलहाल तो ताईवान अपनी इच्छा पूरी होने से आनंदित है, जश्न मना रहा है, और डर को अपने से दूर खदेड़ चुका है। र इसमें भी कोई शक नहीं कि शक्तिशाली ड्रेगन को चुनौती देने के लिए ताईवान तालियों और तारीफका हकदार है।

**यह निजी विचार है।**

## शीर्ष सफलता के लिए संकल्प, श्रम और कठोर परिश्रम आवश्यक।

कर्म सदैव प्रधान होता है।

जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगीद्य

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे द्य निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती हैद्य

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैंद्य संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस ,मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है ।इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है। कुल मिलाकर परिस्थितियां तथा घटनाएं ,दुर्घटनाएं मनुष्य को परिस्थितियों के सामने पराजित करने, झुकाने की कोशिश करती हैं किंतु मानव अपने शारीरिक, मानसिक, नैतिक, चारित्रिक एवं मानसिक आत्मबल से उसे सफलता में बदल देता है। अनवरत प्रयासरत व्यक्ति अपने साहस परिश्रम से हर चुनौतियों का सामना कर परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर अपने जीवन को सफलता के शिखर पर पहुंचाता है। जीवन में कठिन परिस्थितियों से जूझ कर जो मानव सदैव सफल होता है वह पूरे समुदाय और समाज के लिए एक प्रेरणादाई व्यक्तित्व बन कर पूरे समाज एवं देश को मार्गदर्शन भी प्रदान करता है।

इसीलिए मनुष्य को किन्हीं भी परिस्थितियों में, खासकर विषम परिस्थितियों में अपने मनोबल और साहस को त्यागना नहीं चाहिए। उच्च मनोबल और साहस की ऊर्जा ही मनुष्य को नई दिशा, नए प्रकाश पुंज की ओर अग्रसर करती है।

संजीव ठाकुर

# आकृति महिला मंडल ने मकर संक्रांति एवं लोहड़ी की थीम पर लगाया आनंद मेला

## विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार हुए शामिल



**जांजगीर** - अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह के आवासीय परिसर अरपा विहार में आकृति महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा मकर संक्रांति एवं लोहड़ी की थीम पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा कटियार रहीं। प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने व्यंजनों की तारीफ करते हुए आनंद मेला के आयोजन की भरपूर सराहना की।

आनंद मेला में आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष निवेदिता बंजारा एवं कार्यपालक निदेशक एसके बंजारा व पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि श्री एसके कटियार एवं श्रीमती प्रभा कटियार का आत्मीय स्वागत किया गया। आनंद मेला का शुभारंभ प्रबंध निदेशक एवं अतिथियों द्वारा भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि डीएसपीएसम कोरबा पूर्व के मुख्य अभियंता हेमंत सचदेव, एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता संजय शर्मा, संकल्प महिला मंडल कोरबा पश्चिम की अध्यक्ष निहारिका शर्मा, प्रेरणा महिला मंडल कोरबा पूर्व की अध्यक्ष सविता सचदेव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रबंध निदेशक एवं अतिथियों द्वारा आनंद मेला में लगाए गए विभिन्न पकवानों के स्टॉल का निरीक्षण किया। इनमें केक, मुंगौड़ी, देहाती बड़ा, इडली, दोसा, वेज पुलाव, चाऊमीन, गुपचुप चाट, गुलाब जामुन, जलेबी, छोले भटूरे, स्वीटकार्न चाट, पाव भाजी, चिकन बिरयानी, आइसक्रीम, पानी, चाय और कॉफी के स्टॉल शामिल रहे। आनंद मेले का विशेष आकर्षण विद्युत संयंत्र के कर्मचारियों द्वारा पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुति रही। गिटार एवं बांसुरी वादन के साथ ही विभिन्न प्रांत को दर्शाता हुआ नृत्य बहुत ही मनमोहक रहा। लोहड़ी और मकर संक्रांति थीम पर बनाई गई सेल्फी पॉइंट का सभी आगंतुकों ने भरपूर आनंद लिया। आंनद मेला में महिलाओं एवं बच्चों के मनोरंजन के लिए खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया था। आनंद मेला की आवश्यक व्यवस्था को उपाध्यक्षगण लता कोसरे, रूबी श्रीवास्तव, अर्निका लकरा, अनिता द्विवेदी, राजलक्ष्मी तिवारी एवं सचिव प्रीति बंजारे, कोषाध्यक्ष सुषमा तारेंद्र, सहसचिव शैला जार्ज, प्रेमलता जायसवाल, क्रीड़ा सचिव अर्चना लकड़ा, गोल्डी नेताम, सांस्कृतिक सचिव नीतू देवदत्त व रीना सिंह धुरंधर, द्वारा संभाला गया। आनंद मेला में महिला मंडल की सदस्याओं, सिविल एवं इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस समेत समस्त विभाग का भरपूर सहयोग रहा। प्रबंध निदेशक श्री कटियार ने अपने प्रवास के दूसरे दिन विद्युत संयंत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।






# वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के विभागीय बजट की समीक्षा

**रायपुर,**/वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री श्री दयालदास बघेल की उपस्थिति में आज मंत्रालय महानदी भवन में विभाग के बजट को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने महत्वपूर्ण योजनाओं के बजट को लेकर विभागीय अधिकारियों से विस्तार पूर्वक चर्चा की। श्री चौधरी ने विभाग के बजट की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कलेक्टर-एसपी ने किया यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

## जिले में सड़क दुर्घटना से होनी वाली मृत्यु दर में कमी लाने होंगे जागरूकता कार्यक्रम

**जांजगीर-चांपा** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल के द्वारा यातायात जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी से 15 फरवरी 2024 तक चलाया जायेगा। इस दौरान राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट बाईक रैली, यातायात जागरूकता रैली, स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण शिविर, लर्निंग लायसेंस बनाने हेतु शिविर का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साप्ताहिक हाट बाजारों के जाकर आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील किया जाएगा तथा स्कूल, कॉलेज में रंगोली, पेटिंग, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने सड़क सुरक्षा माह को संबोधित करते हुए कहा कि वाहन चलाते हुए विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सड़क पर हमें तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाना चाहिए। वाहन चालक ही नहीं बल्कि पूरा परिवार इससे प्रभावित होता है। गाड़ी चलाते समय अपने और दूसरों के परिवार के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाना चाहिए। जिससे सड़क दुर्घटना से होनी वाली मृत्यु से बचा जा सकता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से कहा कि यातायात के नियमों और सड़क दुर्घटना से बचने के उपायों को अपने जीवन में जरूर अपनाना चाहिए और दूसरों को भी बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर अनुशासन में रहेंगे तो पछतावे का दर्द नहीं होगा। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने लिए शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं से बचने के लिए







हमें हेलमेट पहनना और सीट बेल्ट लगाना आवश्यक है। जिससे हमारा जीवन सुरक्षित रह सके। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से कहा कि यहां से प्रण लेकर चलें कि यातायात नियमों का पालन करें और घर में सभी सदस्यों और आस-पास के लोगों को इसके संबंध में जानकारी देकर जागरूक करेंगे। जागरूकता कार्यक्रम को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर के खुंटे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री चंदन शर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर परिवहन अधिकारी श्री यशवंत सिंह, पुलिस विभाग सहित वाहन चालक संघ के पदाधिकारी सहित हसदेव के हीरो, नागरिक उपस्थित थे।

# मॉर्निंग वॉकर्स से मिले एवं अधिकारियों को दिए निर्देश



## सुबह ऑक्सीजोन पहुंचे कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह,

**रायपुर/** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने आज सुबह पंडरी स्थित ऑक्सीजोन परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मॉर्निंग वॉक के लिए यहां पहुंच नागरिकों से मुलाकात की एवं उनसे संचालन संबंधी सुझाव भी मांगे। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप भी साथ थे।

अल सुबह ऑक्सीजोन परिसर के निरीक्षण भ्रमण के दौरान निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा ने अवगत कराया कि पूर्व में यह ऑक्सीजोन परिसर वन विभाग द्वारा संचालित था, अब इस संपूर्ण परिसर के प्रचालन संबंधी व्यवस्थाओं में उन्नयन की गतिविधियां रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड व नगर निगम द्वारा की जाएगी। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों से कहा कि चरणबद्ध रूप से परिसर के रख-रखाव के लिए जरूरी निर्माण कार्य किए जाए एवं हरियाली का ध्यान रखते हुए कांक्रीटीकरण कम से कम किए जाए। उन्होंने पूर्व में बने प्रसाधन कक्षों का रखरखाव कर इसे भी संचालन योग्य बनाने के निर्देश दिए है.

# भर्रीटोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर सफलतापूर्वक आयोजित

## पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने ग्रामवासियों को दिलाया विकसित भारत बनाने का संकल्प

**संवाददाता।**

अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के सुदूर अंचल में प्रकृति की गोद में बसा ग्राम पंचायत भर्रीटोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम पंचायत भर्रीटोला के सरपंच भुनेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य अरूण यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश सिंगी, कौड़ीकसा मंडल अध्यक्ष शत्रुघन चुरेंद्र, जिला संयोजक व कौड़ीकसा के सरपंच योगेंद्र कोडापे, भर्रीटोला उपसरपंच नरेंद्र पुरसिया, सचिव महेश मार्कण्डेय, पंचगण राजेश कुमार, माखन लाल, च्यवन गढ़िया, अलख राम, राजकुमारी ओडार, तमेश्वरी गढ़िया, गंगोत्री बाई, शिवरात्रि चौधरी, ललती बाई, केमीन बाई, शिवाराम धुर्वे, चतुर सिंह कोलियारे, अंजनी बाई, सविता नेताम, कौड़ीकसा मंडल महामंत्री झनक सोनवानी आदि उपस्थित




रहे। शिविर यात्रा में डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रियम्वदा रामटेके, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आर चंद्रवंशी, सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बी एल खरे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर आर धुर्वे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस के धीवर, महिला एवम् बाल विकास विभाग प्रमुख श्रीमती सोनी सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इस शिविर का आयोजन ग्रामवासियों को भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही स्टॉल के माध्यम से सहायता प्रदान करने के लिए किया गया।

जिसमें आधार सेवा केंद्र, गैस सिलेंडर सेवा केंद्र, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवम् बाल विकास विभाग, पशुधन विकास विभाग, जिला कौशल विकास प्राधिकरण, मत्स्य विभाग, जनपद पंचायत विभाग आदि विभागों ने अपने स्टॉल लगाए थे। मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने अपने वक्तव्य में शासन की सभी योजनाओं की जानकारी दी, साथ ही राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनकी जीवनी को ग्रामवासियों के बीच रखा।

उन्होंने कहा कि भारत केवल एक देश ही नहीं वरन सभी भारतवासियों की मां है, इस देश के हर बेटों की एक नहीं तीन माताएं हैं, पहली जन्म देने वाली, दूसरी धरती मां और तीसरी मातृभाषा। सभी को एक दूसरे का सम्मान करना विवेकानंद जी से सीखना चाहिए। शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति मनमोहक रही। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा को समर्पित वर्ष 2024 के लिए एक कैलेंडर, भारत सरकार की योजनाओं को समर्पित पत्रिका और पुस्तिका का विमोचन सभी अतिथिजनों के हाथों किया गया

# खाद्य मंत्री श्री बघेल ने मोहतारा गांव के राम मंदिर परिसर की साफ-सफाई



**रायपुर/**खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल बेमेतरा जिला के ब्लाक नवागढ़ ग्राम मोहतारा राम मंदिर के स्वच्छता अभियान में 15 जनवरी 2024 सोमवार को शामिल हुए और मंदिर परिसर की साफसफाई की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देश भर के मंदिरों तीर्थ स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

# कलेक्टर के सामने तेजस, शीतला, समीर, मुस्कान, चंचल, हिमांशु, रिया, भारती, प्रभा ने सुनाई कविता, पुरुस्कार में मिली टॉफी

## जिला प्रशासन जांजगीर चांपा की बोलेगा बचपन अभिनव पहल

### कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने बोलेगा बचपन अभियान का पेंड्री प्राथमिक स्कूल से किया शुभारंभ

**जांजगीर-चांपा**

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की अभिनव पहल से जिले के स्कूलों में बोलेगा बचपन अभियान बच्चों में बोलने के कौशल का विकास के लिए 16 जनवरी से प्रारंभ किया गया। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला पेंड्री से बोलेगा बचपन अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि इससे स्कूल में पढने वाले विद्यार्थियों में मंच से बोलने की हिचकिचाहट दूर होगी और उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

इस अभियान के अंतर्गत स्कूल जाने वाले विद्यार्थी प्रातः प्रार्थना सभा के समय अपना परिचय देंगे और आज का सुविचार बताएंगे व उस दिवस में अखबार में प्रकाशित समाचार को पढक़र सुनाएंगे। इससे बच्चों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी व स्कूल के अन्य विद्याथियों को देश-दुनिया की महत्तपूर्ण खबरों के बारे में पता चल पाएगा। इस दौरान उन्होंने स्कूल के बच्चों को मंच पर बुलाया और उसने कविता सहित उनके विचार सुने। उन्होंने बच्चों से कई प्रश्न किये जिसका बच्चो ने जवाब दिया। बच्चो ने बताया कि उन्हें पढ़ना और खेलना बहुत अच्छा लगता है। बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए कलेक्टर ने टॉफी, कंपोक्स देकर पुरुस्कृत भी किया।

कलेक्टर ने कहा कि बोलेगा बचपन अभियान सभी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शुरू किया जा रहा है, भविष्य में प्रत्येक विद्यालय, प्रत्येक कक्षा, प्रत्येक बच्चे की मौखिक अभिव्यक्ति कौशल विकास गतिविधि समय-समय पर एक अभियान के रूप में चलायी जायेगी। स्कूलों और शिक्षकों के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि कक्षा में कोई भी बच्चा शिक्षक के ध्यान से वंचित न रहे और हर बच्चा हर गतिविधि में शामिल हो। सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 5 तक पढ़ने वाले बच्चे बेहतर नागरिक निर्माण के लिए अपनी मौखिक अभिव्यक्ति विकसित करें, क्योंकि मानव मन बौद्धिक विकास का स्त्रोत है और केवल मन के विचारों के उचित प्रतिनिधित्व के माध्यम से ही वैचारिक परिपक्वता विकसित करने की उचित गुंजाइश हो सकती है। इस अवसर पर डीएमसी श्री आर के तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी सहित हेडमास्टर सहित शिक्षिक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**16 फरवरी को होगी प्रतियोगिता –**

बोलेगा बचपन योजना के सफलता पूर्वक संचालन के लिए 16 फरवरी 2024 में स्कूल स्तर पर, संकुल स्तर पर, विकासखण्ड स्तर पर एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिता के माध्यम से श्रेष्ठ बच्चों का चयन किया जाएगा एवं उन्हे पुरस्कृत किया जायेगा।



# 18 जनवरी को आयुष्मान कार्ड बनाने लगेगा मेगा शिविर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को दिलाएं योजनाओं का लाभ – कलेक्टर





**जांजगीर चांपा** 16 जनवरी 2024/ कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में शिविर के माध्यम से बनाये जा रहे आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने आगामी 18 जनवरी को आयुष्मान कार्ड का विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में जिन लोगो का आयुष्मान कार्ड बनना शेष है सभी व्यक्तियों के घर-घर जाकर मितानिन और कोटवार के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी एसडीएम, नगर पालिका सीएमओ, जनपद सीईओ को मिशन मोड में कार्य करने तथा आंकड़ों में बढ़ोतरी लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की विकासखंडवार सभी ग्राम पंचायतों में इस योजना के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा कर शिविरों में पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा बीमा योजना, मेरी कहानी मेरी जुबानी, हेल्थ कैम्प, सिकल सेल, माई भारत वालंटियर, किसान क्रेडिट कार्ड के प्रगतियों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा के दिन जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 1 फरवरी से 15 फरवरी तक राजस्व पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को कक्षा पहली से बारहवीं तक के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने एवं एसडीएम, तहसीलदार को स्कूलों में जाति प्रमाण बनाने के लिए शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने हेतु स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग एवं सबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में केंद्र की योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना योजना, पीएम पोषण अभियान, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही बैठक में नगरीय निकाय, स्वास्थ्य, मनरेगा, पीएम आवास, एसबीएम, आधार सीडिंग, जल-जीवन मिशन, वन विभाग, समाज कल्याण, सहित विभिन्न विभाग अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ श्री आर के खुटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, अपर कलेक्टर श्री गुड्डू लाल जगत, सर्व एसडीएम सहित सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# धान उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव तेजी से कराएं- कलेक्टर



### कलेक्टर ने जिले के राइस मिलर्स की बैठक ली



**जांजगीर-चांपा** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिले के राइस मिलर्स की बैठक ली। जिले में खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी विगत 01 नवम्बर से जारी है। बैठक में कलेक्टर ने जारी किए गए डी.ओ. के अनुरूप धान का उठाव करने, कस्टम मिलिंग के उपरांत नान तथा एफसीआई में चावल जमा कराने में तेजी लाने के लिए राइस मिलर्स को निर्देशित किया। राईस मिलर्स द्वारा धान उठाव से संबंधित कलेक्टर को समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य कर उपार्जन, मिलिंग, स्टोरेज, वेयरहाउस संबंधी दिक्कतों त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आर के खुंटे, जिला खाद्य अधिकारी श्री कौशल किशोर साहू, उप पजीयक सहकारी संस्थाएं श्री उमेश गुप्ता, जिला विपणन अधिकारी सहित राइस मिलर्स एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# अ.भा.मा. महिला सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन कोरबा में संपन्न

### सम्मेलन की प्रदेश आध्यात्मिक प्रमुख व शाखा अध्यक्ष नेहा ने जीते 6 अवार्ड

### मंत्री लखन देवांगन ने की अभामाम सम्मेलन को भवन बनाकर देने की घोषणा

**चांपा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का सप्तम प्रांतीय अधिवेशन विगत दिनों ऊर्जाधानी कोरबा के राजीव ऑडिटोरियम में प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती नीरा बथवाल के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। अधिवेशन में प्रमुख वक्ता के रूप में समाजसेवी अशोक मोदी, पवन अग्रवाल, राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, राष्ट्रीय आंचल प्रमुख शारदा महरिया, राष्ट्रीय संबंध समन्वयक प्रमुख सुधा अग्रवाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लता सांवरिया, प्रांतीय सचिव प्रेमा अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्रीति मोदी, कोरबा शाखा अध्यक्ष रश्मि सरावगी तथा कोषाध्यक्ष पंखुडियां अग्रवाल भी मौजूद थीं। अधिवेशन में सम्मेलन की प्रदेश आध्यात्मिक प्रमुख व चांपा शाखा अध्यक्ष श्रीमती नेहा अविनाश अग्रवाल ने अपने विशिष्ट सेवा कार्यों के चलते विभिन्न श्रेणियों में 6 अवार्ड जीते।

दीप प्रज्जवलन, स्वागत गीत, प्रार्थना सहित अतिथियों के स्वागत पश्चात अधिवेशन का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन देवांगन ने सम्मेलन द्वारा किये गये विभिन्न सेवा कार्यो की सराहना करते हुए सभी बहनों को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि आपके सामाजिक सरोकार में शासन - प्रशासन से भरपुर सहयोग प्राप्त होगा। देवांगन ने इस अवसर पर सम्मेलन की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती सरोज सुनालिया की मांग पर समाज की गतिविधियों के कुशल संचालन के लिए एक सर्वसुविधा युक्त भवन निर्माण कराये जाने की घोषणा की।

अधिवेशन के दौरान अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की चांपा शाखा अध्यक्ष तथा प्रदेश आध्यात्मिक प्रमुख श्रीमती नेहा अविनाश अग्रवाल को विभिन्न श्रेणियों में उल्लेखनीय सेवा कार्यो के लिए 6 अवार्ड प्रदत्त कर सम्मानित किया गया। श्रीमती अग्रवाल ने सत्र 2022 से 2024 में अपने पद के साथ - साथ सेवा कार्यो के लिए यह अवार्ड प्राप्त किए। अधिवेशन में उपस्थित सभी शाखाओं की सदस्यों ने ' एक नारी , सब पर भारी ' तथा ' आज की लक्ष्मीबाई ' कह कर उनकी सराहना की। नेहा ने मेरे सपने मेरी उड़ान के तहत '' नारी एक रूप अनेक '' नृत्य एवं नाट्य प्रतियोगिता में प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मालखरौदा जैसे ग्रामीण अंचल में जन्मी नेहा अग्रवाल बचपन से ही सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपने दादा - दादी से प्राप्त संस्कारो को ग्रहण कर अपनी ससुराल में भी समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी ससुर डॉ. व्ही.के.अग्रवाल की पुत्रवधू बन कर अनुकूल वातावरण पाकर अपना परचम लहरा रही है। उनके द्वारा किए गये कार्यों में पौधों की सवामणि, आजादी के अमृत महोत्सव में सैनिकों के लिए बनाई गयी इको फ्रेंद्धली राखियां, कन्या जन्मोत्सव पर प्रसूता को अस्पताल जाकर ''अन्नपूर्णा हमारा भविष्य '' नाम से उपहार सामग्री भेंट करना प्रमुख है। राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा भी श्रीमती अग्रवाल को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताते हुए उनकी सराहना की है। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को आयोजित होने वाले श्रीराम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव हेतु भी उन्होंने प्रदेश आध्यात्मिक प्रमुख होने के दायित्व का निर्वहन कर सवा करोड़ श्रीराम नाम जाप के लिए 125 लोगों का वॉट्सएप ग्रुप बनाकर नित्य राम नाम जाप कराया जा रहा है। इसे 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के चरणों में भक्ति भाव से प्रेषित किया जाएगा।




(प्राप्त अवार्ड के साथ नेहा अविनाश अग्रवाल)

## मकर संक्रांति महात्म्य का किया गया वचन



### मकर संक्रांत श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया श्री दूधाधारी मठ में

**संवाददाता।**

श्री दूधाधारी मठ तथा इससे संबंधित श्री जैतु साव मठ रायपुर में मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भगवान की विशेष पूजार्चना की गई। सायंकालीन बेला में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने क्रमशः श्री जैतु साव मठ एवं दूधाधारी मठ में विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मठ के उपरोहितों ने आरती संपन्न होने के पश्चात मकर संक्रांति महात्म्य का वाचन किया एवं इसका राज्य तथा देश के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक परिस्थिति सहित विभिन्न राशि वाले लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव का विस्तार से वर्णन किया। अंत में सभी श्रद्धालुओं को तिल एवं लाई के लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। ब्राह्मणों को विशेष दान -दक्षिणा दी गई। पूजार्चना के अवसर पर श्री अजय तिवारी, दाऊ महेंद्र अग्रवाल, रमेश यदु चंद्रकांत यदु, श्री अग्रवाल जी, नागा जी महाराज, राम छवि दास जी , रामप्रिय दास जी, रामावतार दास जी,देवराम दास जी, प्रवेश नारायण शुक्ला,जय शुक्ला, राम मनोहर दास जी,रामलोचन दास जी, डॉक्टर दास गुप्ता, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति पर्व पर जरूरतमंदों को लायंस क्लब ने किया अन्नदान



(मकर संक्रांति पर राणी सती दादी मंदिर पहुंचे बच्चे)



(मकर संक्रांति पर पतंग महोत्सव मनाते लायन सदस्य)

## डोंगाघाट पहुंचकर भिक्षुकों को बांटी खिचड़ी व चांवल

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा सोमवार 15 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर डोंगाघाट स्थित हनुमान मंदिर के समक्ष दोपहर 12 से 2 बजे तक बड़ी संख्या में जरूरतमंद भिक्षुकों में सवा क्विंटल चांवल तथा खिचड़ी का वितरण किया गया।

इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि क्लब अपने सेवा कार्यो के तहत सदैव जरूरतमंदो एवं गरीब वर्ग के लोगो की सेवा में तत्पर रहेगा। इस दौरान दोपहर 12 बजे तक हनुमान मंदिर के समक्ष रहने वाले गरीबों तथा भिक्षुकों में चांवल व खिचड़ी का वितरण किया गया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश अग्रवाल, लायंस क्लब शिक्षण समिति के वाईस चेयरमेन लायन विनोद अग्रवाल, लायन डॉ. जी.पी. दुबे, लायन संतोष अग्रवाल एवं लायन वासुदेव देवांगन सहित अनेक लायन सदस्यों ने उपस्थित रह कर अन्नदान में सहयोग किया।



(डोंगाघाट मंदिर के समक्ष अन्नदान करते लायन सदस्य)

## मकर संक्रांति पर्व पर लायंस क्लब ने किया पतंग महोत्सव का आयोजन

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में सोमवार 15 जनवरी को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के छोटे - छोटे बच्चों ने अपनी पतंगबाजी की प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष कुमार सोनी, लायन बजरंग अग्रवाल, लायन बैजनाथ देवांगन, लायन विनोद अग्रवाल, लायन उत्तम प्रकाश देवांगन, लायन शैलेश बाजोरिया तथा लायन वासुदेव देवांगन ने भी बच्चों के साथ पतंग उड़ाकर मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर सभी बच्चों को तिल से बने लड्डुओं का वितरण किया गया।

## लायंस क्लब ने मकर संक्रांति पर स्लम बस्ती के 150 बच्चों की करायी पिकनिक

### स्लग – लछनपुर स्थित राणी सती दादी मंदिर का कराया भ्रमण व भोजन

**चांपा।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब चांपा द्वारा गुरूवार 11 जनवरी को अपने समाज सेवी कार्यो के तहत स्लम बस्ती के 150 गरीब बच्चों को लछनपुर स्थित राणी सती दादी मंदिर का भ्रमण कराकर वहां उन्हें भोजन कराते हुए पिकनिक मनायी। पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित पिकनिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत लायंस क्लब चांपा द्वारा स्लम बस्ती के 150 गरीब बच्चों को बस द्वारा लछनपुर स्थित राणी सती दादी मंदिर पहुंचाया गया। मंदिर परिसर में सभी बच्चों के साथ लायन सदस्यों ने पिकनिक मनाते हुए उन्हें भोजन भी कराया। इस सेवा कार्य में लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन रामप्रपन्न देवांगन, सचिव लायन संतोष कुमार सोनी तथा पूर्व अध्यक्ष लायन राजेश अग्रवाल सहित अनेक लायन सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह अचानक पहुंचे नवोदय विद्यालय

**उपलब्ध सुविधाओं की हुई समीक्षा, विद्यार्थियों से लिया फीडबैक**

**रायपुर** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने माना में संचालित नवोदय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं से बात की। उन्होंने प्राचार्य से कहा है कि केन्द्र व राज्य शासन के निर्देशों का पूर्णतः परिपालन करते हुए सभी मूलभूत सुविधाएं बच्चों को निरंतर मिलती रहे, इसका विशेष ध्यान रखें, साथ ही सुविधाओं के उन्नयन की सभी व्यवस्थाएं 20 दिन के भीतर पूरी करें। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप भी उनके साथ थे। कलेक्टर डॉ. सिंह सुबह अपने नियमित निरीक्षण भ्रमण की कड़ी में अचानक नवोदय विद्यालय पहुंचे। शिक्षकों से मिलने के पहले अपनी कक्षा में जाने की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से उनके छात्रावास में जाकर मुलाकात की एवं वहां उपलब्ध पानी, बिजली व साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता पर राय ली। इस दौरान वे भोजन कक्ष में जाकर स्वयं भोजन की गुणवत्ता की पड़ताल की और नवोदय प्रबंधन से कहा कि निर्धारित आहार तालिका के अनुरूप ही भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने खिड़की, दरवाजे की मरम्मत शुद्ध पेयजल की हर समय उपलब्धता और शिक्षकों का नियमित अध्यापन सुनिश्चित करने भी कहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से भी कहा कि हर शासकीय संपत्ति उनकी सुविधा को ध्यान में रखकर उपलब्ध कराई जाती है, अतः पानी का अपव्यय, फर्नीचर, टोटियों आदि का रख-रखाव में छात्र-छात्राएं भी पूरी जिम्मेदारी से सहयोग करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा के जरिए उच्च पद प्राप्त कर समाज में प्रतिष्ठित होने के लिए अपने समय का पूरा उपयोग करें और लक्ष्य निर्धारित कर अपने ध्येय में आगे बढ़े।



## संक्षिप्त समाचार

(रायपुर) कोमल हुपेंडी के साथ दो पदाधिकारियों ने छोड़ी आप पार्टी !

रायपुर, 16 जनवरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार और बदले राजनीतिक समीकरण के बीच आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी सहित प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिरी, प्रदेश सचिव विशाल केलकर द्वारा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिए जाने की सूचना आ रही है।

राजनीतिक के जानकरों की माने तो छत्तीसगढ़ में आप पार्टी के राजनीतिक भविष्य को संभवतः ध्यान में रखते हुए तीनों पदाधिकारियों ने अपना इस्तीफा दिया है। हालांकि इस्तीफा की पुष्टि समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। इधर राजनीतिक पंडितों की माने तो आप पार्टी से इस्तीफा देने के बाद तीनों राज्य में सत्तासीन भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम सकते हैं।

डीके-
00

(बीजापुर) पुसनार के युवक की माओवादियों ने की धारदार हथियार से हत्या

0 गंगालूर थाना क्षेत्र का मामला

बीजापुर, 16 जनवरी (आरएनएस)। 14 जनवरी रविवार की आधी रात ग्राम पुसनार धुर्वापारा निवासी 19 वर्षीय युवक रिशू पूनेम की माओवादियों के द्वारा धारदार हथियार से की गई हत्या। हत्या करने के बाद माओवादियों ने मृतक का शव पुसनार रोड पर मिला।परिजनों द्वारा थाना गंगालूर में घटना की सूचना दी गई। मामले की तस्दीक उपरान्त शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौपा गया। विदित हो कि 12 जनवरी 24 को पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में गंगालूर एरिया कमेटी के जनमिलिशिया कमाण्डर तोया पोटाम के मारे जाने के बाद बौखलाहट में माओवादियों के द्वारा निर्दोष ग्रामीण की हत्या की गई है। प्रकरण में थाना गंगालूर में पृथक से प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की जा रही है।

0चोरी की मोटर साइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

कोरबा-रायपुर, 16 जनवरी (आरएनएस)। चोरी की मोटर साइकिल में घूमना एक युवक को महंगा पड़ गया। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी रजगामार लक्ष्मण प्रसाद खुटें अपनी टीम प्रधान आरक्षक 174 गुरूवार सिंह, 353 विनोद कुमार, आरक्षक 721 करण सिंह के नेतृत्व में बाइक चोर को पकड़ा है। पुलिस को किसी ने सूचना दी थी कि ओमपुर रजगामार के कुशल साहू चोरी के मोटर साइकिल में घुमते हुए दिखाई दिया। उक्त सूचना पर आरोपी कुशल साहू को ओमपुर क्वाटर स्कूल के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके बताये गये

# रायपुर एयरपोर्ट में अब 5 मिनट की फ्री पार्किंग

रायपुर, संवाददाता

**स्वामी विवेकानंद विमानतल में अब यात्रियों को वाहन पार्किंग के लिए अतिरिक्त राशि देने की जरूरत नहीं होगी। यहां यात्रियों को ड्रॉप और पिकअप करने वाले वाहनों के लिए फ्री पार्किंग का समय बढ़ा दिया गया है। पार्किंग शुल्क को लेकर यहां लगातार विवाद की स्थिति बनी रहती थी।**



एयरपोर्ट में लगातार हो रहे विवाद के बीच 15 जनवरी से पार्किंग को लेकर नया नियम लागू कर दिया गया है। एयरपोर्ट पर फ्री पार्किंग का टाइम अब 5 मिनट कर दिया गया है। इससे पहले 4 मिनट तक ही ऐसी सुविधा थी। इससे आने-जाने वाले लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी। एयरपोर्ट पर पार्किंग स्टैंड में अभी पहली ऑनलाइन रीडिंग मशीन लग गई है। जिन गाडियों में फास्ट टैग लगा है उससे आसानी से तय पार्किंग शुल्क कट रहा है।

नवा रायपुर में बने एयरपोर्ट से यात्रियों को ड्रॉप और पिकअप करने वाले लोगों की लगातार मांग थी कि फ्री पार्किंग का समय बढना चाहिए। अभी यात्रियों को एयरपोर्ट में छोडने या उनको गाड़ी में बिठाने के दौरान कई बार समय को लेकर अक्सर विवाद होता है। कई बार पार्किंग से बाहर निकलने से पहले ही 4 मिनट का समय खत्म हो जाता है। इस वजह से कई बार विवाद होने लगता था। नए एयरपोर्ट डायरेक्टर ने फ्री पार्किंग का समय चार से बढ़ाकर 5 मिनट कर दिया है। इससे लोगों को एक मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा। वे आसानी से अपनी गाड़ी बाहर ले जा सकेंगे।

## सांसद ज्योत्सना महंत का तीन दिवसीय दौरा कार्यक्रम

**0 17 को कोरबा व 18 को रामपुर विधानसभा क्षेत्र**

कोरबा ,लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत का संसदीय क्षेत्र में तीन दिवसीय दौरा कार्यक्रम के तहत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला व भरतपुर-सोनहत, बैकुंठपुर विधानसभा के अलावा कोरबा जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगी।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्षा व कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना महंत 16 जनवरी को मरवाही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. के.के. ध्रुव के निवास में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में सम्मिलित होंगी। इसके बाद वे भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरो के ग्राम साल्ही में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होंगे व मनेन्द्रगढ़ सर्किट हाऊस में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रमेश सिंह के निवास में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे व बैकुंठपुर -कोरिया रवाना होकर रात्रि विश्राम करेंगे।

## लाखों के कबाड़ के साथ दो गिरफ्तार



**महासमुंद-रायपुर,** लाखों का कबाड़ लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ आ रहे एक वाहन चालक और परिचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कबाड़ के संबंध में उचित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके चलते उन्हें पकड़ कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने एक टाटा 1109 वाहन को पकड़ा। वाहन चालक का नाम पता पूछने पर चालक ने अपना प्यारी लाल साहू पिता दुर्योधन साहू, उम्र 37 वर्ष, धुमाभाटा, थाना जगदलपुर (उड़ीसा) व ड्रायवर सीट के बाजू में बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम जोगेश्वर मांझी पिता धरणीधर मांझी, उम्र 19 वर्ष, सराईकेला, शाना जगदलपुर जिला बरगढ़ (उड़ीसा) का निवासी होना बताये। वही वाहन में क्या है पूछने पर वाहन के पीछे डाला में लोहे का एंगल, छड़, राड़, पाईप, लोहे का प्लेट, वाहनों के पार्टस बोरिंग का लोहा एवं विभिन्न प्रकार के लोहा टीना का कवाडी सामान होना बताया। जांच पड़ताल में कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। संपूर्ण कार्यवाही थाना बसना पुलिस स्टाफ द्वारा किया गया है।

# ऋचा जोगी ने जाति प्रमाण पत्र खारिज किये जाने के खिलाफ लगी अपनी याचिका वापस ली

बिलासपुर, संवाददाता।

सोमवार को हाईकोर्ट में ऋचा जोगी की तरफ से उपस्थित अधिवक्ता गैरीमुखोपाध्याय ने उस याचिका को वापस लेने का अनुरोध किया जिसमें ऋचा जोगी ने जाति प्रमाण पत्र खारिज किये जाने के खिलाफ अनुतोष मांगा गया था। ऋचा की ओर से बाद में एक नई याचिका पेश करने की बात भी कही गई। शिकायतकर्ता संतकुमार नेताम की ओर से उपस्थित अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने याचिका वापस लिये जाने को स्वयं के हानि लाभ के आधार पर होना बताते हुए कोई आपत्ति नहीं की।



हाई कोर्ट की खण्डपीठ जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस सचिन सिंह राजपूत ने याचिका वापसी का आग्रह स्वीकार करते हुए याचिका को निराकृत कर दिया। गौरतलब है कि 2020 में ऋचा जोगी के द्वारा जिला स्तरीय जाती प्रमाण पत्र छानबीन समिति द्वारा उनके जाति प्रमाण पत्र को निलंबित किये जाने और अन्तिम निर्णय के लिए प्रकरण को राज्य स्तरीय जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति के पास भेजे जाने के खिलाफप्रस्तुत की थी। इस याचिका में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला स्तरीय जाती प्रमाण पत्र छानबीन समिति को दिये गये अधिकारो और इस संबंध में बनाये गये नियमों की संवैधानिकता को भी चुनौती दी गई थी। प्रकरण में हाई कोर्ट के द्वारा नोटिस जारी किया गया था और कोई स्टे आदेश नहीं दिया गया था। कालान्तर में राज्य स्तरीय जाती प्रमाण पत्र छानबीन समिति ने पूर्ण सुनवाई कर ऋचा जोगी के जाति प्रमाण पत्र को रद्द कर दिया गया था। इस निर्णय के विरूद्ध पहले ऋचा जोगी वर्तमान में ही लंबित याचिका में संशोधन करना चाहती थी। परन्तु लम्बे समय बितने पर भी कोई संशोधन याचिका प्रस्तुत नहीं की गई।

राज्य स्तरीय जाती प्रमाण पत्र छानबीन समिति ने अपने निर्णय में यह बताया है कि ऋचा जोगी के द्वारा स्वयं ही बालिग होने पर मुंगेली तहसील में कई जमीनों की बिक्री की है जिसमें उन्होंने स्वयं को गैर आदिवासी घोषित किया है।

# कलेक्टर ने जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की ली बैठक

**o सभी प्रकरणों में न्यायालय में प्रभावी ढंग से अभियोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

रायगढ़, संवाददाता।



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में डीएसपी, सहायक आयुक्त आदिवासी एवं अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री गोयल ने अनुसूचित जाति, जनजाति मामलों के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिनियम के अधीन पुलिस विवेचना, जिला लोक अभियोजन में लंबित प्रकरण, अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत अनुरक्षण अनुदान तथा राहत पुनर्वास के संबंध में चर्चा की। उन्होंने उक्त सभी प्रकरणों में न्यायालय में प्रभावी ढंग से अभियोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार अनुसूचित जाति, जनजाति एक्ट के तहत पीड़ित व्यक्ति को प्रदाय की जाने वाली राशि की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण)अधिनियम 1989 के अंतर्गत इन जातियों के किसी भी सदस्य को क्षति पहुंचाने, अपमानित करने, भूमि पर जबरन कब्जा करने, बंधुआ रखने, बेगार के लिए मजबूर करने, महिला का अनादार करने, शील भंग करने के ध्येय से बल प्रयोग करने और अधिकारों से वंचित करने पर 6 माह से 5 वर्ष तक कारावास और जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। कोई भी लोकसेवक जो इन जातियों का सदस्य नहीं है यदि इस नियम के प्रति अपने कर्तव्यों की उपेक्षा करता है तो उसे 6 माह की सजा हो सकती है। राज्य सरकार के अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 यथा संशोधन अधिनियम, 2015 तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 यथा संशोधन नियम, 2016 लागू किए गए है जिनका उद्देश्य जरूरतमंद अनुसूचित जाति/जनजाति अथवा ऐसे अनुसूचित जाति और जनजाति के परिवारों को तुरंत राहत पहुंचाना है, जो सामान्य वर्ग के किसी व्यक्ति अथवा समूह द्वारा उत्पीड़त है। जो निर्धनता एवं असहाय अवस्था के कारण संकटापन्न स्थिति में है और जिसे शासन द्वारा किसी योजना या स्त्रोत से आर्थिक सहायता मिलने की संभावना नहीं है।

**गुरूपर्व में शामिल हुए उद्योग मंत्री गुरूपर्व में शामिल हुए**

# कोहड़िया में विकास कार्यों के लिए 35 लाख रूपए की घोषणा की

**रायपुर, वाणिज्य** उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन कोरबा जिले के कोहड़िया स्थित झरनापारा में परम पूज्य बाबा गुरुघासीदास जी के जयंती के अवसर पर आयोजित गुरूपर्व समारोह में शामिल हुए। मंत्री श्री देवांगन ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी एक महान संत थे। उन्होंने 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश दिया। गुरू घासीदास बाबा जी का संदेश एकता और शांति का मूलमंत्र है। उन्होंने जैतखाम की पूजा-अर्चना कर जिले और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर कार्यक्रम में युवाओ द्वारा पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी।




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने इस अवसर पर जय सतनाम कल्याण समिति द्वारा कोहड़िया में आयोजित समारोह के दौरान उन्होंने लगभग 35 लाख रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनता को विकास कार्यों के लिए अब राशि मांगने की जरूरत नही पड़ेगी। आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि अब वार्ड के लोगों को किसी भी कार्य के लिए मांग करने की जरूरत नहीं है, वार्ड का विकास आप लोगों का हक है, आप लोगों के मांग पत्र से पहले विकास कार्यों के लिए स्वीकृति आदेश जारी किया जाएगा।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने बस्ती में मुक्तिधाम के लिए 15 लाख, नाली निर्माण के लिए 5 लाख, सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख और कबीर चौरहा के निर्माण की घोषणा की। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि आप लोगों ने एक बेटे और भाई की तरह मुझे सेवा करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह वार्ड मेरे परिवार का हिस्सा है। इसलिए अपने मद के लिए सबसे पहले जो घोषणा मैने की है वह इसी बस्ती के लिए की है। इस अवसर पर कोरबा नगर निगम के पार्षद नरेंद्र देवांगन, सतनामी कल्याण समिति के यू आर महिलांगे, रमेश जाटवर, अमृता मिलन, अजय कुमार निराला, ईश्वर पाटले, विनोद दिवाकर समेत अधिक संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उचित मूल्य दुकान में अच्छी गुणवत्ता वाले चावल की आपूर्ति करें - मंत्री बघेल

## खराब गुड़-चना की सप्लाई करने पर होगी कार्रवाई




**रायपुर, संवाददाता।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री श्री दयालदास बघेल ने आज नया रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड सभाकक्ष में जिला प्रबंधक एवं प्रभारी जिला प्रबंधकों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने समीक्षा बैठक में नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को चावल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर प्रबंधक संचालक श्री के.डी कुंजाम और नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। मंत्री श्री बघेल ने गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री श्री दयालदास बघेल ने राज्य के सभी 33 जिलों के उचित मूल्य दुकानों में राशन का भण्डारण प्रत्येक माह निर्धारित समय में करने के लिए कहा है, ताकि लोगों को समय पर चावल, शक्कर, गुड़, चना, नमक मिल सकें। सरगुजा और बस्तर क्षेत्र के दूरस्थ अंचल में गुड़ और चना की गुणवत्ता में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि चावल की गुणवत्ता का परीक्षण करते समय शासन द्वारा निर्धारित मानक गुणवत्ता का पालन करने के भी निर्देश दिए हैं।

मंत्री श्री बघेल ने कहा कि उचित मूल्य दुकान के माध्यम से लोगों तक अच्छे चावल पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। चावल की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किए जाएंगे। समीक्षा बैठक में अधिकारियों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

## मुख्यमंत्री साय ने हेलमेट जागरूकता रैली और अंजोर रथ को बगिया निवास से किया रवाना



### छत्तीसगढ़ में कोरोना के दस नए मरीज मिले

**रायपुर,।** छत्तीसगढ़ में धीरे-धीरे पांव पसार रहे कोरोना के आंकड़े अब डराने वाले हैं। बीते चौबीस घंटों के दौरान राज्य में कोरोना के 10 नए मरीज मिले हैं. वहीं 10 लोग ठीक होकर डिस्चार्ज भी हुए हैं. अब प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या 91 हो गई है. मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक, आज बस्तर में 4, रायपुर में 3, बालोद में 2 और दुर्ग जिले में कोरोना के एक मरीज मिले हैं।



## शहर के एक लाख की आबादी को दो दिन नहीं होगी जलापूर्ति

**रायपुर, ।** राजधानी रायपुर में एक बार फिर से एक बड़ी आबादी को कल और परसों याने 17 और 18 जनवरी को पानी की आपूर्ति नहीं हो सकेगी। बताया गया कि राइजिंग मेन लाइन (पाइपलाइन) में खराबी आई है। तेलीबांधा चौक टनल क्रॉसिंग के अंदर की पाइपलाइन में लीकेज हो गई है। इसके चलते करीब 1 लाख की आबादी को पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

इसकी मरम्मत का काम 17 जनवरी को दिनभर चलेगा। इसकी वजह से 17 जनवरी की शाम और 18 जनवरी की सुबह पानी सप्लाई नहीं हो पाएगी। 17 की सुबह तक पानी की पूरी सप्लाई नगर निगम करेगा। अधिकारियों ने मरम्मत में करीब 12 घंटे का वक्त लगने की बात कही है।नगर पालिक निगम के अफसरों के मुताबिक मोवा-सड्डू की ओर जाने वाली 700 एमएम व्यास की राइजिंग मेन पाइप लाइन में लीकेज आ गई है। नगर निगम के जल विभाग की टीम इस लीकेज की मरम्मत करेगी। अब इसकी वजह से अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, कचना, आमासिवनी और जोरा की पानी टंकी में पानी नहीं आएगा। ये पानी टंकियां 1 लाख से अधिक घरों में पानी पहुंचाती हैं। इन इलाकों के अलावा बाकी हिस्सों में पानी पहले की तरह ही दिया जाएगा।

## छत्तीसगढ़ कैडर को मिले 5 नए आईपीएस अफसर

नई दिल्ली-रायपुर, 16 जनवरी (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वर्ष 2023 बैच के लिए चयनित आईपीएस अफसरों को कैडर अलाट कर दिया है। इस बार दो सौ अफसर सलेक्ट हुए हैं। इनमें से छत्तीसगढ़ को मिले 5 आईपीएस अफसर मिले हैं। जिनमें से एक बिलासपुर के अभिषेक चतुर्वेदी गृह राज्य छत्तीसगढ़ मूल के हैं। बाकी चार अन्य राज्यों के हैं। छत्तीसगढ़ कैडर के लिए चयनित हुए बाकी अफसर जल्द ही ड्यूटी ज्वाइन करेंगे।

बता दें कि अभिषेक चतुर्वेदी बिलासपुर के ही रहने वाले है। उनके पिता विनय चतुर्वेदी बिलासपुर रेलवे जोन आफि स में आफिसर हैं। अभिषेक ने बिलासपुर से अपनी 12th तक की शिक्षा डीपीएस से 2014 में पूर्ण करके चेन्नई से बीटेक की शिक्षा ग्रहण करके दिल्ली से यूपीएससी की तैयारी की और 2022 की परीक्षा में भाग लिया। 2023 को रिजल्ट आने के बाद अभिषेक को आईपीएस केडर मिला।

## मंत्री लखनलाल देवांगन के आतिथ्य में कमला नेहरु कॉलेज में वर्षिकोत्सव सम्पन्न



कोरबा 1। अभी मेरी उम्र 60 वर्ष है पर जब कमला नेहरु महाविद्यालय खुला था, तब मैं 8 साल का था। हम चारपारा में रहते थे और नदी पर पुल भी नहीं बना था। गर्मी का मौसम आने पर उस पार के लोगों के लिए कोरबा शहर आने-जाने रपटा बनता था। तब के दौर में ऐतिहासिक रानी महल और जिले के पहले कॉलेज को सिर्फदेखने की ललक में हम लोग नाव से नदी पारकर आते थे। भले ही संख्या कम हो गई, हो पर क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी बच्चों की उच्च शिक्षा की राह प्रशस्त करने में कमला नेहरु कॉलेज दशकों से महत्वपूर्ण योगदान अर्पित कर रहा है। समाज को उच्च शिक्षित युवाओं की भेंट दे रही इस संस्था को बेहतर पायेदान पर ले जाने में उचित योगदान अर्पित कर सकूं, इस दिशा में शत-प्रतिशत प्रयास करुंगा।

उक्त कथन आयोजित कमला नेहरु महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना और छत्तीसगढ़ के राजकीय अरपा-पैरी के धार की सुमधुर प्रस्तुति दी। संगीतमय स्वागत गीत के मध्य कमला नेहरु महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने मुख्य अतिथि श्री देवांगन का पुष्पगुच्छ और तुलसी का पौधा भेंटकर स्वागत-अभिनंदन किया।

उनके अतिरिक्त समिति के उपाध्यक्ष डॉ. आर.सी. पांडेय, सचिव सुरेंद्र लांबा, सहसचिव उमेश लांबा व प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने भी गुलदस्ता भेंटकर मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया। स्वागत की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मंच पर उपस्थित अतिथियों में कोहड़िया के पार्षद नरेंद्र देवांगन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, पार्षद श्रीमती धनश्री साहू, मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेंद्र पाटनवार, राधे यादव को भी बुके भेंटकर उनका अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय समिति के सदस्य व बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मनीष शर्मा, नानजीभाई पटेल, लोकेश्वर सिंह तोमर, जसराज जैन, घनश्याम बोंदिया, डॉ. जे.पी. चंद्रा, अरविंद साहू, रमेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे। कॉलेज परिवार की ओर से भूगोल विभागाध्यक्ष अजय मिश्रा, छात्रसंघ प्रभारी गोविंद माधव उपाध्याय, ज्योतिभूषण विधि कॉलेज की प्राचार्य डॉ. किरण चैहान, बीएड संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. अब्दुल सत्तार, ओ.पी. साहू, श्रीमती सीमा सोनी, कार्यालय विभाग से अशोक सोनी, एनसीसी की ओर से कैडेट हरप्रीत सिंह, श्रुति पटेल व एनएसएस से स्वयंसेवक मनीष चंद्रा ने अतिथियों के स्वागत की परंपरा में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने कॉलेज का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए 52 वर्षों के इतिहास और उपलब्धियों की रुपरेखा कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन के समक्ष रखी। वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराते हुए शासन के सहयोग की अपेक्षा भी जताई। मंच संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष ब्रिजेश तिवारी ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा ने कहा कि वर्ष 1971 से प्रारंभ होकर कमला नेहरु कॉलेज ने समाज के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया है, वह अपने आप में ऐतिहासिक है। उन्होंने 52 वर्षों का इतिहास समेटे इस ऐतिहासिक प्रांगण में आतिथ्य स्वीकार करने पर श्री देवांगन का आभार जताया। प्राध्यापकों की ओर से उन्होंने मौजूदा परिस्थितियों से उबरने-संभलने महाविद्यालय को शासकीयकरण किए जाने की मांग कैबिनेट मंत्री के समक्ष रखी।

इस पर श्री देवांगन ने कहा कि कटघोरा विधायक रहते उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह के समक्ष हरदीबाजार कॉलेज का शासकीयकरण कराया था। हमारा सौभाग्य है कि हमें सरल-सौम्य मुख्यमंत्री के रुप में विष्णुदेव साय और जनहित को सर्वोपरि रख कार्य करने वाले उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मिले हैं। कमला नेहरु कॉलेज को न केवल जिले के पहले महाविद्यालय होने का गौरव प्राप्त है, इस प्रांगण से पढ़कर निकले युवा प्रदेश और देश की सेवा कर रहे

### बाईक सवार को लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,।** नेवरा थानाक्षेत्र के कोटा रोड में पिछले दिनों ड्यूटी से लौट रहे कर्मचारी को डरा धमका-कर उसके पैसे तथा मोबाईल फोन लूटने वाले दो आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मामले में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

बता दें कि 13 जनवरी को रात करीब 9 बजे संभव पावर प्लांट सरोरा में कंट्रोल रूम आपरेटर का काम करने वाला प्रेमलाल वर्मा अपनी मोटरसायकल से अपने घर जा रहा था तभी कोटा रोड नेवरा के पास बाईक सवार तीन युवकों ने उसे रोक लिया तथा उसके साथ गाली गलौच करते हुए उसकी जेब में रखा मोबाईल फोन एवं नगदी रकम पर्स सहित लूट कर फरार हो गये थे। जिसके बाद प्रेमलाल ने मामले की शिकायत नेवरा थाने में दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद मामले की विवेचना के दौरान पतासाजी के संदेह के आधार पर दो युवक संजय साहू एवं अक्कू निषाद को पकड़ा गया । दोनो संदेहियों का शिनाख्ती करवाई गई तथा पहचान होने के बाद संदेहियो से पूछताछ कर उनका बयान लिया गया जिसमें उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार करते हुये।

## धान खरीदी केंद्र में घुसा हाथी, मचा हड़कंप



**कोरबा, ।** जिले में हाथी का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है, कहीं मकान तो कहीं फसल बर्बाद कर रहे हैं. वहीं कोरबा के वनांचल क्षेत्र कुदमुरा के चचिया में शाम ढलते ही अंधेरे में एक दंतैल हाथी आ धमका.

हाथी जंगल से होते हुए सीधे धान खरीदी केंद्र जा पहुंचा. हाथी के आने के बाद धान खरीदी केंद्र में हड़कंप मच गया और वहां मौजूद लोग कमरे में जा कर छुप गए. इसकी सूचना ग्रामीणों और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को दी गई. हाथी धान खरीदी केंद्र में धूमता रहा फिर धान के बोरियों को खाने लगा.

इस दौरान हाथी की चिंघाड़ सुनकर चौकीदार और उपस्थिति कर्मचारी डरे सहमे हुए थे. उसके बाद सभी ने जोर-जोर से हाथी को भगाने के लिए चिल्लाने लगे. जिसके बाद हाथी धान खरीदी केंद्र से निकलते हुए गांव से लगे जंगल की ओर निकल गया. जिसके बाद मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली. घटना स्थल पर मौजूद लोगों की माने तो हाथी काफी विशाल का था.

हाथी ने धान खरीदी केंद्र में लगभग 20 से 25 बोरियों के धान को खो गया. इस घटना को धान उपार्जन केंद्र के कर्मचारियों ने मोबाईल कैमरे में कैद कर लिया है. केंद्र के कम्प्यूटर ऑपरेट गिरधारी राठिया ने बताया कि इस इलाके में हाथियों का झुंड पिछले कई दिनों से विचरण कर रहा है लेकिन धान खरीदी तक नहीं पहुचे थे. पहली बार धान खरीदी केंद्र के अंदर हाथी घुसा, इससे वह डरे सहमे हुए थे.

## मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल से दो गाँव को मिली जल संकट से मुक्ति

**o बुझी पहाड़ी कोरवा बस्ती लोटापानी की प्यास o राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तहत पानी आपूर्ति हुई शुरू**

**o अमडीहा मे खराब मोटर सुधार कर, फिर शुरू हुई पानी की आपूर्ति**



**रायपुर, संवाददाता।**

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पहल के बाद दो गांवों में पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। गौरतलब है कि जशपुर जिले के कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र लोटापानी गाँव, ग्राम पंचायत गड़ाकटा के इस आश्रित बस्ती में 80 कोरवा परिवार निवास करते है, इन कोरवाओं ने शनिवार 13 जनवरी को बगिया स्थित सीएम निवास पहुंचकर गाँव मे जल संकट की समस्या से अवगत कराया था।**

ग्रामीणों का कहना था कि बस्ती मे कुआ और तालाब की स्थिति सही नहीं है और जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित पानी टंकी से भी पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है, इससे स्थानीय ग्रामीणों को एक एक बाल्टी पानी के लिए भटकना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने गर्मी के दिनों मे समस्या गहराने की आशंका जतायी थी, कोरवाओं की समस्या को गंभीरता से लेते हुए, सीएम निवास बगिया ने कलेक्टर को तत्काल, लोटापानी गाँव की समस्या को दूर करने का निर्देश दिया। निर्देश पर कलेक्टर ने लोटापानी गाँव मे बंद पड़े पानी टंकी को चालू कराया। पानी की समस्या सुलझने से लोटापानी की निवासियों को राहत की सांस ली हैं। ग्रामीणों ने गांव में पेयजल आपूर्ति बहाल हो जाने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताया है।

**अमडीहा की समस्या भी हुई दूर**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के पहल के बाद अमडीहा के ग्रामीणों को भी पानी समस्या से मुक्ति मिल गई है, इस गांव मे पंप हाउस का मोटर मे तकनीकी खराबी आ जाने से लम्बे अरसे से पानी की समस्या से जूझ रहे थे।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत सीएम निवास बगिया से करते हुए, मोटर को सुधरवाने की गुहार लगाई थी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने मोटर की तकनीकी गड़बड़ी को सुधार कर पानी आपूर्ति सुचारु कर दिया गया है। यहां के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार जताया है।



जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान कार्यक्रम में मौजूद रहे सीएम

## राज्य में अब तक 108.06 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**किसानों को 23,448 करोड़ रूपए का भुगतान**

**0 कस्टम मीलिंग के लिए 69.95 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव**



रायपुर, 16 जनवरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में खरीफविपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी जी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 108.06 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 23448 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवम्बर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे।

मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 20 लाख 49 हजार 472 किसानों से 108 लाख 6 हजार 659 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 23 हजार 448 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 90 लाख 40 हजार 649 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध में मिलर्स द्वारा 69 लाख 95 हजार 876 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। इस साल राज्य में 130 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी लक्ष्य रखा गया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)